Web Portal
www.ghatatighatana.com

G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -97 सोमवार ,06 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये


ज्ञान की बातें

समाज के अग्रणी नेता को पवित्र वाणी वाला और हजारों का पालन-पोषण करनेवाला होना चाहिए।
-यजुर्वेद-

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन विकास के कर्मियों को 60 नहीं 62 वर्ष में करें सेवानिवृत्त : हाई कोर्ट



**जबलपुर,05 फरवरी, 2023 ( ए )।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मप्र पर्यटन विकास निगम के कर्मियों के हक में महत्वपूर्ण राहतकारी आदेश पारित किया। इसके जरिए व्यवस्था दी गई कि पर्यटन विकास निगम के कर्मियों को 60 नहीं 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त करें। जो कर्मी 60 वर्ष के हो गए हैं, उन्हें 62 वर्ष तक सेवा में रखा जाए। यही नहीं जिनकी 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त कर दिया गया है, उन्हें दो वर्ष के सभी लाभों का भुगतान सुनिश्चित किया जाये। यह संपूर्ण प्रक्रिया 90 दिन के भीतर पूरी कर ली जाए।

### दिल्ली दंगे के मामले में कोर्ट के फैसले पर चिदंबरम ने कहा,ट्रायल से पहले सजा

**नई दिल्ली,05 फरवरी, 2023 ( ए)।** दिल्ली की एक अदालत द्वारा दंगे के एक मामले में 11 लोगों को बरी किए जाने और उन्हें बलि का बकरा करार दिए जाने के बाद पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने इसे 'मुकदमे से पहले की कैद' करार दिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट्स की एक सीरीज में कहा, दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने माना है कि जामिया मिलिया इस्लामिया में 2019 में हुई हिंसा की घटनाओं से जुड़े एक मामले में शरजील इमाम और 10 अन्य को बलि का बकरा बनाया गया था। क्या आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया सबूत थे? बिल्कुल नहीं। उन्होंने कहा, कुछ आरोपी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं। कुछ को कई महीनों के बाद जमानत मिली है। यह प्री-ट्रायल कैद है। मुकदमे से पहले नागरिकों को जेल में रखने के लिए अयोग्य पुलिस जिम्मेदार है।



# भारत के खिलाफ पाक की नई साजिश

### कश्मीर पर टूलकिट हुआ बेनकाब

**नई दिल्ली,05 फरवरी, 2023 ( ए )।** पाकिस्तान कंगाल होने की कगार पर है, महंगाई आसमान पर है और वहां के लोगों को खाने के लाले पड़े हुए हैं। ऐसे हालात में भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने कश्मीर पर पाकिस्तान की बड़ी साजिश का खुलासा किया है। इस साजिश के तहत वो दुनिया भर में मौजूद अपने पाकिस्तानी मिशनों के साथ मिलकर कश्मीर पर झूठा नैरेटिव फैलाना चाहता है। इसके लिए बाकायदा एक टूलकिट भी तैयार किया गया है।

पाकिस्तान का एक और काला सच कश्मीर को लेकर सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक उसने सोशल मीडिया पर कश्मीर मुद्दे को लेकर फेक नेरेटिव फैलाने और दुनिया भर में अपने मिशनों के जरिए प्रदर्शन कराने का प्लान बनाया है। दरअसल पाकिस्तान ने पांच फरवरी के दिन कश्मीर सोलिडेरिटी डे के नाम पर भारत को अंतरराष्टीय स्तर पर बदनाम करने के लिए बड़ी प्लानिंग की है।

सोशल मीडिया पर कश्मीर मुद्दे पर फर्जी कहानी और प्रचार फैलाने के लिए पाकिस्तान की तरफ से एक विस्तृत टूलकिट तैयार किया गया है। इस्लामाबाद में स्थित पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से दुनिया भर में मौजूद सभी पाकिस्तानी मिशनों को भेजे इस सीक्रेट नोट में भारत के खिलाफ कश्मीर पर साजिश को कैसे अंजाम देना है, उसके लिए टूलकिट शेयर किए गए हैं।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने 26 जनवरी से 3 फरवरी के बीच अपने पाकिस्तानी मिशनों को फैक्स और ईमेल के जरिए ये बताया है कि किस तरीके से कश्मीर में तैनात भारतीय सुरक्षाबलों के खिलाफ झूठे मानवाधिकार हनन के मामलों को सामने रखना है जिससे भारत के खिलाफ दुनिया को गुमराह किया जा सके।

इस सीक्रेट नोट में इसके लिए तमाम विडीयो के लिंक भी शेयर किए गए हैं, जिन्हें प्रदर्शन के दौरान और सोशल मीडिया पर इस्तेमाल करना है। सूत्रों के मुताबिक दुनिया भर के देशों की मीडिया में इस झूठे नैरेटिव को बेहतर कवरेज मिले इसके लिए भी प्लानिंग बनाने के लिए कहा गया है। पाकिस्तान सरकार ने कश्मीर पर जिस टूलकिट को तैयार किया है, उसमें कश्मीर को लेकर कई गलत फैक्ट और फेक वीडियो का सहारा लिया गया है। इन फर्जी वीडियो में ये बताया गया है कि कश्मीर के लोगों के पास आजादी नहीं है, उन्हें घरों में बंद कर दिया गया है और भारतीय सुरक्षाबल आम कश्मीरियों पर अत्याचार करते हैं।




गौरतलब है कि पाकिस्तान इस वक्त बहुत बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पड़ोसी देश में हालात इतने बदतर हैं कि वहां खाने के लिए लोगों के घरों में आटा भी नहीं है। इन सबके बाबजूद भी पाकिस्तान कश्मीर का राग अलापने और भारत को बदनाम करने के लिए साजिशों में लगा हुआ है।

### शशि थरूर ने मुशर्रफ के निधन पर जताया शोक

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के निधन पर शोक व्यक्त किया। थरूर ने कहा कि कभी भारत के कट्टर शत्रु रहे मुशर्रफ 2002-2007 के बीच शांति के लिए असली ताकत बन गए थे।

तिरुवनंतपुरम के सांसद ने कहा, मैं उन दिनों संयुक्त राष्ट्र में सालाना उनसे मिलता था। मुझे वो स्मार्ट, आकर्षक लगते थे। उनकी रणनीतिक सोच बहुत स्पष्ट थी। थरूर ने ट्विटर पर पोस्ट किया, पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का एक दुर्लभ बीमारी के कारण निधन हो गया- कभी भारत के कट्टर दुश्मन रहे वह 2002-2007 के बीच शांति के लिए असली ताकत बन गए थे। मैंने संयुक्त राष्ट्र में उन दिनों उनसे हर साल मुलाकात की थी। मुझे वो स्मार्ट, आकर्षक, स्पष्ट रणनीतिक सोच वाले लगते थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें। मुशर्रफ का रविवार को दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया।

# हैदराबाद को दहलाने की साजिश नाकाम

### एनआईए ने किया बड़ी साजिश का खुलासा

**हैदराबाद 05 फरवरी, 2023 ( ए)।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आते हुए भारत के खिलाफ लगातार षड़यंत्र रच रहा है। पाकिस्तान भारत में कई साजिशों को अंजाम देने की फिराक में जुटा हुआ है। पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं की हैदराबाद को दहलाने के लिए रची बड़ी साजिश पर खुलासा हुआ है। एनआईए ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने अपने हमदर्दों को हथगोले उपलब्ध कराए थे और उनके साथ हैदराबाद शहर में लोन वुल्फ हमलों और विस्फोटों को अंजाम देने की साजिश रची थी। राष्टीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एफआईआर में इस बात का खुलासा हुआ है। हैदराबाद के तीन निवासियों के खिलाफ 25 जनवरी को दर्ज की गई प्राथमिकी में यह भी बताया गया है कि एनआईए द्वारा दायर मुकदमें में आरोपी व्यक्तियों को सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के लिए सार्वजनिक समारोहों और जुलूसों में हैंड ग्रैंड फेंकने का निर्देश दिया गया था।



पाकिस्तान स्थित आकाओं ने एक अब्दुल जाहिद उर्फ ज़ाहिद उर्फ मोहम्मद को यह काम दिया था, जो हैदराबाद में कई आतंकवाद से संबंधित मामलों में आरोपी है। प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि ज़ाहिद ने आईएसआई और एलईटी के निर्देश पर माज़, समीउद्दीन और अन्य कई युवकों की भर्ती की थी। ज़ाहिद के अलावा, एनआईए ने अक्टूबर 2022 में हैदराबाद में आतंकी हमलों की साजिश रचने के लिए माज़ हसन फारूक और समीउद्दीन का नाम भी मुकदमें में शामिल किया, जिन्हें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज किया गया है।

प्राथमिकी के अनुसार, ज़ाहिद ने अपने पाकिस्तानी आकाओं के निर्देश पर, अपने गिरोह के सदस्यों के साथ हैदराबाद शहर में विस्फोटों और लोन-वुल्फ हमलों सहित आम लोगों के मन में आतंक पैदा करने के लिए आतंकी वारदातों को अंजाम देने की साजिश रची।

प्राथमिकी में कहा गया है, यह भी पता चला है कि ज़ाहिद को पाकिस्तान स्थित आकाओं से हथगोले मिले थे और वह सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के लिए सार्वजनिक सभाओं और जुलूसों पर हमला करने की योजना बना रहा था। हैदराबाद पुलिस ने जाहेद के परिसर से दो हथगोले, दो मोबाइल फोन और 3,91,800 रुपये जब्त करने के बाद 1 अक्टूबर, 2022 को यूएपीए के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, गृह मंत्रालय के काउंटर टेररिज्म एंड काउंटर रेडिकलाइजेशन डिवीजन ने मामले को एनआईए को सौंप दिया था।

## पंडाल में घुस गया सांड

**नई दिल्ली 05 फरवरी, 2023 ( ए )।** गांवों की शादियों में कभी-कभार देखने में आता है कि अचानक आवारा पशु पंडाल में घुस जाते हैं और हंगामा मचा देते हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो आए दिन शेयर किए जाते हैं। अभी फिर से इसी कड़ी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक गुस्सैल सांड पंडाल में घुस जाता है। उसे देखते ही लोगों में अफरा-तफरी मच जाती है। हालांकि बाद में कुछ लोग सांड को बाहर खदेड़ आते हैं।



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शादी में शरीक होने के लिए कई मेहमान पंडाल में पहुंचे होते हैं। ज्यादातर लोग खाना खाने में व्यस्त रहते हैं। तभी एक गुस्सैल सांड ने अचानक से पंडाल में एंट्री मार दी।

सांड को देखते ही लोग प्लेट छोड़-छोड़कर इधर-उधर भागने लगे। काफी देर तक ऐसा चलता रहा है। सांड इससे पहले किसी को नुकसान पहुंचा पाता कुछ लोगों ने उसे बाहर खदेड़ दिया।

आमतौर पर ऐसा नजारा देखने को नहीं मिलता है जैसा कि इस वीडियो में दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को इंस्टाग्राम एकाउंट पर अपलोड किया गया है अभी तक इसे हजारों व्यूज भी मिल चुके हैं।



## 10 हजार की नौकरी करने वाले सिक्योरिटी गार्ड को आयकर विभाग का 1 करोड़ 14 लाख का नोटिस

**मुंबई, 05 फरवरी, 2023 (ए)।** महज 10 हजार की नौकरी करने वाले एक सिक्योरिटी गार्ड को आयकर विभाग ने 1 करोड़ 14 लाख रुपए का नोटिस भेजा है। नोटिस देखते ही गार्ड के पैरों तले जमीन खिसक गई।

गार्ड का कहना है कि जितने पैसे का टैक्स भरने के लिए कहा जा रहा है उतने पैसे तो उन्होंने अपनी जिंदगी में केवल टीवी में ही देखे हैं।

मामला मुंबई से सटे कल्याण का है। 56 साल के चंद्रकांत वरक को इंकम टैक्स ने आयकर विभाग का नोटिस मिला है। नोटिस मिलने से हैरान-परेशान चंद्रकांत आयकर विभाग के दफ्तर पहुंचे और उन्होंने शिकायत की।

जिसके बाद विभाग के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ भी कि जिसके बाद वे भी हैरान रह गए। उनूहोंने चंद्रकांत को बताया कि उसके पैन कार्ड का इस्तेमाल कर विदेशों में शॉपिंग की गई है।

चंद्रकांत वरक कल्याण ठाणकरपाड़ा इलाके में एक चॉल में अपनी बहन के साथ रहते हैं। उनका कहना है कि वे कभी सुरक्षा गार्ड तो कभी कुरियर ब्वॉय तो कभी हाउस कीपिंग का काम करते हैं।

इन् कामों से उन्हें 10 हजार रुपये तक की आमदनी प्राप्त हो जाती है। जिससे वे अपना गुजारा करते हैं। उनका कहना है कि 1 फरवरी को उन्हें इंकम टैक्स विभाग से 1 करोड़ 14 लाख रुपये जमा करने का नोटिस मिला है। उनूहोंने इस पूरे मामले की ठीक से जांच करने के साथ ही इस मामले से छुटाकारा दिलाए जाने की मांग की है।

आयकर विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उनके पैनकार्ड और दस्तावेजों का इस्तेमाल कर चीन से खरीदारी की गई है। जिसका टैक्स नहीं भरा गया है। आयकर के अधिकारियों ने उन्हें पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी है।

## अडानी मामले पर कांग्रेस रोज पूछेगी तीन सवाल

**नई दिल्ली 05 फरवरी, 2023 (ए)।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री से अदानी मामले से संबंधित एक दिन में तीन सवाल पूछेगी। कांग्रेस ने कहा कि पनामा पेपर्स लीक के बाद प्रधानमंत्री के आश्वासन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। कांग्रेस संचार प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा, अदानी समूह के खिलाफ आरोपों के बीच, मोदी सरकार ने जोर-शोर से चुप्पी साध रखी है, जिसमें मिलीभगत की बू आ रही है। आज से कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री से एक दिन में तीन सवाल करेगी।



प्रधानमंत्री के सामने एक सवाल उठाते हुए, रमेश ने आरोप लगाया, 4 अप्रैल 2016 को पनामा पेपर्स के खुलासे के जवाब में वित्त मंत्रालय ने घोषणा की कि व्यक्तिगत रूप से एक बहु-एजेंसी जांच समूह को निगरानी करने का निर्देश दिया है। इसके बाद, 5 सितंबर 2016 को चीन के हांग्जो में जी20 शिखर सम्मेलन में आपने कहा- हमें आर्थिक अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकानों को खत्म करने, धन शोधन करने वालों का पता लगाने और उनका बिना शर्त प्रत्यर्पण करने और जटिल अंतरराष्ट्रीय विनियमों और अत्यधिक बैंकिंग गोपनीयता के उस ताने-बाने को ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई करने की आवश्यकता है, जो इन भ्रष्टाचारियों और उनकी गतिविधियों को छिपाती है। यह हमें ऐसे सवालों की ओर ले जाता है जहां पर आप ये कहकर बच नहीं सकते कि हम अडानी के हैं कौन।

गौतम अदानी के भाई विनोद अडानी का नाम पनामा पेपर्स और पेंडोरा पेपर्स में बहामास और ब्रिटिश वर्जिन द्वीपसमूहों में ऑफशोर कंपनियों को संचालित करने वाले व्यक्ति के रूप में नामित किया गया था। उन पर ऑफशोर शेल कंपनियों के माध्यम से स्टॉक में हेरफेर करने और खातों में धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है। आपने भ्रष्टाचार से लड़ने में ईमानदारी और नीयत के बारे में अक्सर बात की है और यहां तक कि देश को नोटबंदी की भारी कीमत चुकानी पड़ी है।

## कैंसर मरीज नहीं उठा पाई अपना बैग तो एयर होस्टेस ने विमान से नीचे उतारा

**नई दिल्ली 05 फरवरी, 2023 (ए)।** दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने वाली एक कैंसर पेशंट को दिल्ली एयरपोर्ट पर ही उतार दिया गया। जानकारी के मुताबिक महिला अमेरिकन एयरलाइन्स-239 से जाने वाली थी, लेकिन हैंडबैग रखने के मामले में उसे विमान से उतार दिया गया। महिला यात्री ने कहा कि उसकी सर्जरी हुई थी और उसके हाथ में दिक्कत थी, इसलिए क्रू मेंबर से बैग रखने में मदद मांगी। लेकिन उसने मदद करने से इनकार कर दिया और फिर उसे विमान से नीचे उतार दिया गया।

अमेरिका की रहने वाली यात्री मीनाक्षी सेनगुप्ता ने पुलिस के पास अमेरिकन एयरलाइन्स की इस बदसलूकी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने कहा है कि बैग का वजन 5 पाउंड से ज्यादा था और वह इसे रखने के लिए मदद मांग रही थीं। डीजी, डायरेक्ट्रेट जनरल सिविल एविएशन अरुण कुमार ने कहा कि इस मामले में रिपोर्ट देखी जाएगी। अभी तक संवेदनहीनता की पुष्टि नहीं की जा रही है।



एक बयान में अमेरिकन एयरलाइन ने कहा, 30 जनवरी को दिल्ली से उड़ान भरने से पहले ही एक यात्री को विमान से उतार दिया गया। वह क्रू मेंबर के निर्देशों का पालन नहीं कर रही थीं। सेनगुप्ता छुट्टियां मनाने भारत आई थीं। यहीं उनको कैंसर का पता चला और फिर सर्जरी करवाई। इसके बाद वह अमेरिका वापस जा रही थीं। अपना इलाज करवाने के लिए उन्होंने डॉक्टर से अपॉइनमेंट भी लिया था इसलिए तुरंत दूसरी एयरलाइन का टिकट लेना पड़ा।

## बाबा रामदेव के खिलाफ एफआईआर

**जयपुर 05 फरवरी, 2023 (ए)।** बाबा रामदेव के राजस्थान के बाड़मेर में दिए विवादित बयान का मामला अब गरमा गया है। बाड़मेर के चौहटन थाने में रामदेव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक रामदेव के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने के आरोपों पर एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं मामले में रामदेव के खिलाफधारा 153-ए, 295-ए और 298 लगाई गई है।



चौहटन थाने में दी गई शिकायत में बताया गया है कि बाड़मेर जिले के गांव पनाणियों का तला में संत धर्मपुरी महाराज के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक धर्म सभा में बाबा रामदेव द्वारा इस्लाम धर्म और उसके अनुयायियों की आस्था में विश्वास रखने वाले व्यक्तियों को लेकर जानबूझकर ऐसा वक्तव्य दिया जिससे मुस्लिम धर्म के प्रति अन्य धर्मों या समुदायों में शत्रुता, घृणा या वैमनस्य की भावना उत्पन्न हुई।

शिकायत में कहा गया है कि बाबा रामदेव के बयान से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता बढ़ाने और सौहार्द बिगाड़ने का काम किया गया है जिससे इससे सद्भावना और आपसी भाईचारा प्रभावित हुआ है।

# ट्रांसपोर्टर से सब-एरिया मैनेजर ने लिया 1 लाख का घूस सीबीआई ने किया अरेस्ट

**नागपुर 05 फरवरी, 2023 (ए)।** सीबीआई ने डब्ल्यूसीएल के सब-एरिया मैनेजर को एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाँथों अरेस्ट किया है। बताया जा रहा है कि सीबीआई के हत्थे चढ़े सब एरिया मैनेजर के खिलाफ एक ट्रांसपोर्टर से कोयले का डिमांड आर्डर क्लियर करने के एवज में एक लाख रुपये के रिश्वत की मांग की गई थी।

मामले की शिकायत के बाद सीबीआई की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई कर सब एरिया मैनेजर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।



### कोयले के डिमांड ऑर्डर को क्लीयर करने मांगी रिश्वत

जानकारी के मुताबिक सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के वानी नॉर्थ क्षेत्र के घोंसा उपक्षेत्र में यह रेड की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि यहां कार्यरत उप क्षेत्र प्रबंधक गौतम भासुतकर के खिलाफ सीबीआई को एक कोयला ट्रांसपोर्टर से एक लाख रुपये की रिश्वत मांगे जाने की शिकायत मिली थी। पुख्ता प्रमाण के साथ मिली शिकायत के बाद सीबीआई की टीम ने शुक्रवार की देर शाम सब एरिया मैनेजर गौतम भासुतकर के दफ्तर मे पहुची। मैनेजर ने खदान से 5000 टन कोयले के डिमांड ऑर्डर को क्लीयर करने के लिए रिश्वत मांगी थी। घोंसा ओपनकास्ट खदान से कोयले की ढुलाई का आदेश मिलने के बाद, शिकायतकर्ता को संबंधित सब-एरिया मैनेजर से एक हस्ताक्षरित मंजूरी लेने की जरूरत थी।

भासुतकर द्वारा मांगी गई राशि का भुगतान करने को तैयार नहीं होने पर ट्रांसपोर्टर ने नागपुर में सीबीआई के पास शिकायत दर्ज कराई। जाल बिछाया गया और ट्रांसपोर्टर को छ्ब्क्क्ष् की टीम ने पैसे लेकर भेज दिया। सब एरिया मैनेजर भासुतकर ने जैसे ही ट्रांसपोर्टर से पैसे लिए ठीक वैसे ही सीबीआई की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई कर सब एरिया मैनेजर को को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। कोल इंडिया के अनुषांगिक कंपनी डब्ल्यूसीएल मे सीबीआई की रेड की कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

## हमले की फिराक में था शेर

### अजगर ने किया ऐसा पलटवार कि उल्टे पैर भागा शेर

**नई दिल्ली,05 फरवरी, 2023 (ए)।** सोशल मीडिया ऐसी कमाल की शै है जहां कई अनोखे और अद्भुत नजारे देखने को मिल जाते हैं। यहां हमें दुनियाभर में हो रही कई तरह की विरल घटनाओं के फोटो वीडियो देखने को मिलते हैं।



कला, कारीगरी, संगीत, खानपान, फैशन, परंपराएं, ट्रेवलिंग से लेकर वाइल्ड लाइफ तक कई अनूठे और आश्चर्यजनक दृश्यों यहां मिल जाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो आज हम आपके लिए लेकर आए हैं। शेर को जंगल का राजा कहा जाता है..अमूमन सभी जानवर उससे डरते हैं और दूरी बनाकर रखते हैं। लेकिन कुछ जीव ऐसे भी हैं जो शेर पर भी हमला कर सकते हैं। उनमें से एक है सांप। दुनिया में सांपों की कई प्रजातियां हैं और इनमें से कई बेहद जहरीले होते हैं।

किसी का एक डंक ही जान के लिए घातक हो सकता है। और अजगर को अपने शिकार को पूरा का पूरा निगल जाता है। फिर भले ही वो कोई खरगोश हो या शेर। इस वीडियो में वाइल्ड लाइफ का एक दुर्लभ दृश्य है। वीडियो में हम देखते हैं कि एक अजगर शांति से बैठा है और पास ही एक शेर है जो धीरे धीरे उसकी ओर बढ़ रहा है। शेर का इरादा अजगर को अपना शिकार बनाने का है।

लेकिन उसे नहीं पताा था कि पांसा उल्टा पड़ने वाला है। जैसे ही अजगर को खतरे की आहट मिलती है, वो तेजी से हवा में छलांग लगाकर शेर के मुंह को अपने जबड़े में पकड़कर उसे नोंच लेता है।

इस यकायक हमले से शेर बुरी तरह बौखला जाता है और उसे तेजी से झटकता है। इस हमले से घबराकर शेर अजगर से दूर चला जाता है।

CMYK

## संपादकीय

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों पर संशय

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को कार्यकाल विस्तार मिले दो हफ्ते से ज्यादा हो गए लेकिन अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं है कि पार्टी संगठन में कोई बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने अपनी टीम में किसी नए सदस्य को शामिल करने या किसी को हटाने का संकेत भी नहीं दिया है। इतना ही नहीं प्रदेश अध्यक्षों को लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं हुई है। केंद्रीय संगठन को लेकर तो वैसे भी ज्यादा उलटफेर की संभावना नहीं थी लेकिन कई प्रदेशों में बदलाव की चर्चा थी। लेकिन अब बदलाव की बजाय यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या नड्डा की तरह प्रदेश अध्यक्षों के कार्यकाल का भी अगले चुनाव तक विस्तार हो सकता है?

यह सवाल इसलिए है क्योंकि प्रदेशों में कार्यकारिणी की बैठक चल रही है और पुराने अध्यक्ष ही सब कुछ संभाल रहे हैं। बिहार में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक दरभंगा में हुई है, जिसमें पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यह प्रस्ताव स्वीकार किया गया है कि भाजपा अब कभी भी नीतीश कुमार की पार्टी से तालमेल नहीं करेगी। इस बैठक में भी आधिकारिक रूप से संगठन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। पर इसमें शामिल हुए नेताओं के मुताबिक दबी जुबान में इस बात पर चर्चा होती रही कि क्या प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल को भी कार्य विस्तार मिल सकता है? उनका कार्यकाल पूरा हो गया है और काफी समय से उनको बदले जाने की चर्चा है। लेकिन अब इसकी चर्चा थम गई है।

इसी तरह झारखंड में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक देवघर में हुई, जहां राज्य की एक सीट पर होने वाले उपचुनाव और आगे के चुनावों पर चर्चा हुई। राज्य सरकार के खिलाफ अभियान चलाने के बारे में भी चर्चा हुई लेकिन संगठन को लेकर विचार नहीं हुआ। वहां भी यही खुसर फुसर रही कि क्या दीपक प्रकाश अध्यक्ष बने रहेंगे? उनका भी कार्यकाल समाप्त हो गया है। परंतु जेपी नड्डा के साथ उनकी नजदीकी को देखते हुए कहा जा रहा है कि उनको कार्य विस्तार मिल सकता है।राजधानी दिल्ली में दिसंबर में हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा के हारने के बाद प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह वीरेंद्र सचदेवा को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। अब वे पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर काम करते दिख रहे हैं। वे अगले चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। इस वजह से दिल्ली प्रदेश के जो नेता अध्यक्ष पद की होड़ में थे वे निराश हैं और पता लगाने की कोशिश में हैं कि वीरेंद्र सचदेवा को ही अध्यक्ष बनाया जाएगा या कोई नया अध्यक्ष नियुक्त होगा। राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया और मध्य प्रदेश के अध्यक्ष वीडी शर्मा को भी बदले जाने की चर्चा थी लेकिन अब कहा जा रहा है कि इन दोनों को भी अगले लोकसभा चुनाव तक विस्तार मिल सकता है। इन दोनों राज्यों में इसी साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। उधर कर्नाटक में भी प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतिल को मई में होने वाले विधानसभा चुनाव तक विस्तार मिलता दिख रहा है।

# आम बजट:कैसे मजबूत होगा आमजन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब सरकार में शीर्ष स्तर से, 'मुफ्त की रेबड़ी बनाम उत्पादक खर्च' की बहस छेड़ी थी, तभी अनेक टिप्पणीकारों ने इस बहस के जरिए खड़े पेश किए जा रहे झूठे द्वैध या बइनरी के मंतव्यों पर आशंकाएं जताई थीं।

2023-24 के बजट में, जिसे अमृत काल का पहला बजट बताया जा रहा है न सिर्फ कुछ परिवर्तित रूप में इस बहस को आगे बढ़ाया गया है बल्कि तथाकथित 'मुफ्त की रेवड़ियां' के प्रति वर्तमान शासन की हिकारत को काफी हद तक अमल में भी लाया गया है।

इस हिकारत का सबसे आंखें खोलने वाला उदाहरण है, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम, जिसका नाम बदलकर मोदी निजाम में उसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ दिया गया था। इसके लिए आवंटन में भारी कटौती कर दी गयी है। ताजा बजट में इसके लिए सिर्फ 60,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जबकि 2021-22 में इस कार्यक्रम पर वास्तविक खर्च 1,12,000 करोड़ रुपये के करीब का रहा था। बेशक, 2021-22 में इस कार्यक्रम पर 1,12,000 करोड़ रुपये खर्च होने से, कोविड तथा उससे जुड़ी पाबंदियों की मार झेल रहे, शहरों से गांवों में वापस लौटे प्रवासी मजदूरों को आय का कुछ हीला मिलने के रूप में बहुत जरूरी सहायता मिली थी, लेकिन अर्थव्यवस्था के कोविड के असर से उबरने की दलील से इस कार्यक्रम के लिए आवंटन में भारी कटौती का औचित्य किसी भी तरह से सिद्ध नहीं किया जा सकता है।

सचाई यह है कि गहराते कृषि संकट तथा ग्रामीण क्षेत्र में कमाई वाले काम में भारी कमी की पृष्ठभूमि में यह ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम आम तौर पर काम मांगने वालों के खासे बड़े हिस्से को न सिर्फ खाली हाथ लौटाता रहा है, इसके तहत काम पाने वालों को भी पूरे परिवार में एक ही सदस्य को साल में पचास दिन का काम भी मुश्किल से ही मिल पा रहा है। याद रहे कि मूल कानून में, काम करने वाले हरेक परिवार से एक व्यक्ति को, साल में कम से कम सौ दिन का रोजगार मुहैया कराने की गारंटी का प्रावधान है।

साफ है कि इस कानून में ग्रामीण क्षेत्र में जिस हद तक न्यूनतम रोजगार सहायता मुहैया कराने की कल्पना निहित थी, उसके आस-पास तक भी नहीं पहुंचा जा सका है, लेकिन हैरानी की बात नहीं है कि वर्तमान सरकार ने आवंटन की कमी के सहारे मनरेगा के लाभ के दायरे को सिकोड़ने की पिछली यूपीए सरकार की परंपरा को ही आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के एक चर्चित संसदीय संबोधन में ही तब के नरेगा को, इसे शुरू करने वाली यूपीए सरकार की 'विफलताओं का स्मारक' करार देकर, इस कार्यक्रम के प्रति अपनी हिकारत जाहिर कर दी थी। उसके बाद से मोदी सरकार एक प्रकार से मजबूरी में इस कार्यक्रम बोझ को ढोती रही है, हालांकि महामारी के दौर में इस कार्यक्रम से महत्त्वपूर्ण मदद मिलने की बात अब मौजूदा सत्ताधारियों को भी स्वीकार करनी पड़ी है, लेकिन मनरेगा के लिए आवंटन का निचोड़ा जाना तो सिर्फ एक ही उदाहरण है।

ऐसा ही एक और चौंकाने वाला उदाहरण खाद्य सब्सिडी में भारी कटौती का है। 2022-23 के संशोधित अनुमान की तुलना में खाद्य सब्सिडी में इस बार पूरे 31 फीसद की कटौती कर दी गई है। यह खेल किया गया है खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत दिए जाने वाले सब्सिडीयुक्त सस्ते अनाज की व्यवस्था में। बेशक, चुनाव वर्ष को देखते हुए पांच किलो मुफ्त अनाज के वितरण को इस साल के लिए बढ़ा दिया गया है और ज्यादा संभावना अगले साल भी आम चुनाव तक उसके चलाते रहे जाने की ही है, लेकिन इस तरह सब्सिडीयुक्त खाद्यान्न वितरण रोक दिया गया है और सरकार ने अपने खाद्य सब्सिडी के खर्च को 31 फीसद घटा लिया है।

याद रहे कि यह सब तब किया जा रहा है, जब विश्व भूख सूचकांक में भारत सबसे निचले पायदान पर है और दुनिया में सबसे ज्यादा भूख के मारे वयस्क और बच्चे भारत में ही रहते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि इस भुखमरी का संबंध, उतना खाद्य सामग्री की कमी से नहीं है, जितना आय की गरीबी या आय की कमी से है और इस मामले में स्थिति हाल के वर्षों में बदतर ही होने का सबूत बजट से एक दिन पहले पेश किए आर्थिक सर्वे में खुद सरकार का यह स्वीकार करना है कि मेहनतकशों की वास्तविक आय का बढ़ना तो दूर उसमें गिरावट ही हो रही है।

कम-से-कम आम चुनाव से पहले के आखिरी पूर्ण बजट में तो इससे बचना किसी भी तरह से संभव नहीं होता, लेकिन मोदी राज ने यह भी कर दिखाया है। उसने न सिर्फ ग्रामीण विकास के आवंटन में रुपयों में भी कटौती कर दी है, शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी मुद्रास्फीति का हिस्सा निकालने के बाद वास्तविक आवंटन में कटौती ही की गई है। आखिरकार, उत्पादन व रोजगार में वृद्धि के रूप में आर्थिक वृद्धि, जनता के हाथों में क्रय शक्ति के बिना कैसे संभव है? और आज, जबकि विश्व मंदी के हालात के चलते, निर्यात की मांग नीचे ही जा रही है, ऐसी घरेलू मांग के बिना अर्थव्यवस्था ऊपर उठने के बजाए नीचे ही जाएगी, लेकिन यहीं मुफ्त की रेवड़ी बनाम उत्पादक खर्च के अपने झूठे द्वैध के सहारे, मौजूदा निजाम ने यह भ्रमजाल खड़ा करने की कोशिश की है कि उसे ढांचागत क्षेत्र में निवेश के रूप में, आर्थिक विकास की ऐसी रामबाण दवा मिल गई है, जो जनता और उसके हाथों में क्रय शक्ति बढ़ाने पर, निर्भरता से मुक्ति दिला देगी।


ढांचागत निवेश 7.5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ कर दिए जाने को ऐसा ही 'मास्टर स्ट्रोक' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसी से रोजगार की, विस्फोटक हो चुकी समस्या भी हल हो जाएगी। इस तथाकथित 'उत्पादक प्रयास' की ही दलील से, मेहनतकशों के हित में सामाजिक खचरे में कटौतियों को भी सही ठहराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह विकास का भ्रम ही पैदा करेगा जो ज्यादा दिन नहीं चल सकता है। आखिरकार, ढांचागत विकास का उपयोग भी तो क्रयशक्ति के संपन्न आबादी ही कर सकती है। ब्रेख्त की बहुउद्धृत कविता की पंक्तियों को कुछ बदल कर कहें तो--विकास के चक्के चलाने के लिए, आदमी की जरूरत होती है।

**राजेंद्र शर्मा**

# जिन्ना का पाकिस्तान अब आईएमएफ के सामने नतमस्तक

### चीन ने आंखें फेरी

पाकिस्तान का रुपया डॉलर के सामने अपने सर्वाधिक निचले स्तर पर पहुंच गया है अब .1 की कीमत 287 पाकिस्तानी रुपए हो गई हैद्य पाकिस्तान के पास अब केवल 3.10 अरब डॉलर की मुद्रा शेष है जो कि 15 दिन के आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए ही बाकी हैद्य जिन्ना के पाकिस्तान में सब तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई हैद्य पाकिस्तान ने इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के सामने नतमस्तक होकर खुले दिल से मजबूरी में मदद मांगी हैद्य पर पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति का जायजा लेने गई इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की टीम के प्रमुख नादान पोर्टर ने स्पष्ट संकेत दिए हैं की करीब 2.50 लख करोड़ रुपए की राजकीय कोष को पटाने के लिए पाकिस्तान के पास और कोई विकल्प शेष नहीं बचा है और पाकिस्तान को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की हर शर्त को मानने की बड़ी मजबूरी है। इसी तारतम्य में पाकिस्तान ने गैस के दाम 30त्न बढ़ा दिए हैं एवं बिजली की कीमत में ₹ ₹6 का इजाफा किया है। महंगाई और भुखमरी को लेकर पंजाब बलूचिस्तान मैं जनता सड़क पर आ गई है और विद्रोही स्वर उभर कर सामने आने लगे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान अब चंद दिनों में दिवालिया होने की कगार पर है आटा ₹250 किलो के भाव में भी उपलब्ध नहीं है, चावल कहीं दिखाई नहीं दे रहा है, शक्कर अब वहां कड़वी होने लगी है। पाकिस्तान के परंपरागत आयरन फ्रेंड ने भी पाकिस्तान से किनारा कर लिया है अब चीन के लिए पाकिस्तान एक दुखदाई मित्र की तरह साबित हुआ जो सिर्फ केवल कटोरा लेकर मांगने की ही फितरत रखता है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सरकार ने चीन को वहां चीन तथा पाकिस्तान सिल्क कॉरिडोर के लिए काम करने वाले चीनी कर्मचारियों को साफ-साफ कह दिया है कि उनकी सुरक्षा की गारंटी अब चीन स्वयं अपने सुरक्षा गार्ड रखकर कर ले अब उनकी सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार नहीं उठा सकती है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी रुपया अपने रिकॉर्ड स्तर पर नीचे आ गया है और यदि आईएमएफ उन्हें सहायता नहीं करता है तो यह और नीचे लुढ़क ने की संभावना है। पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ समझौता कर उसकी शर्तों पर अमल करने का प्रयास




किया है और इसी के चलते पेट्रोल गैस बिजली के दामों में बढ़ोतरी कर दी है पाकिस्तान की जनता पर अब नया कर्ज लाभ दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी के देश पाकिस्तान को किसी भी तरह की मदद करने से इंकार कर चुके हैं अब केवल इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ही पाकिस्तान सरकार को कुछ दिनों के लिए बचा सकता है लेकिन उनके द्वारा दिए जाने वाले लोन के विरुद्ध पाकिस्तान के पास किसी तरह की कोई गारंटी उपलब्ध नहीं है। भारत और पाकिस्तान 15 अगस्त 47 को एक साथ आजाद हुए थे मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान को एक इस्लामी राष्ट्र बनाकर आतंकवाद की बुनियाद रखी थी। धीरे-धीरे पाकिस्तान आतंकवाद की राह पर चलने लगा एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी आतंकवादी छवि ने उसके आर्थिक विकास को नेस्तनाबूद कर दिया ।भारत आज वैश्विक स्तर पर एक नई शक्ति बन चुका है दूसरी तरफ पाकिस्तान आज की स्थिति में पूरी तरह से कंगाल होकर पूरी दुनिया के कर्जे में डूबा हुआ कर्जा पटाना तो दूर वह ब्याज बनाने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान पाई पाई के लिए मोहताज है आम जनता आटे, दाल ,नमक, शक्कर ,पेट्रोल-डीजल के लिए सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। पाकिस्तान के पास अब श्रीलंका जैसे हालात पैदा हुए हैं और दिवालिया होने की कगार पर है अब केवल इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के सामने दिवालिया होने से बचाने के लिए उनकी शर्तों का पूरा पालन करने की की मजबूरी है अन्यथा पाकिस्तान भी पूरी तरह दिवालिया हो जाएगा। दिवालिया होने की कगार पर पाकिस्तान होने के बावजूद सहवाज शरीफ स्वतंत्र कश्मीर का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राग अलाप रहे हैं यह उनकी मानसिक स्थिति के दिवालियापन को दर्शाता है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों द्वारा किनारे कर दिया गया है और वह एक आतंकवादी पोषक देश के रूप में भी जाना जाता है। ऐसे में पाकिस्तान को अपने आवाम को बचाने के लिए अपनी नीतियों में आमूलचूल परिवर्तन करना होगा अन्यथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी उसे किसी तरह का लोन देने से कभी भी इंकार कर सकता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़

# मिलन की रैना और अभिमान का अंत

जिस साल अमिताभ बच्चन की पहली सुपरहिट फिल्म जंजीर आई (मई 1973), उसके तीन महीने बाद जुलाई में अभिमान आई। निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी की अमिताभ के साथ यह पहली फिल्म थी। इसके बाद तुरंत चार महीने में नमक हराम आई। इसके बाद तो ऋषि दा की अमिताभ के साथ चुपके चुपके, मिली, अलाप, जुर्माना और बेमिसाल आई थीं। जंजीर जैसी मारधाड़ वाली ऐक्शन फिल्म के बाद अमिताभ ने कम बजट वाली समांतर और साफ-सुथरी फिल्में करना चालू रखा था। इसकी शुरुआत अभिमान से हुई थी।

अभिमान एक असामान्य फिल्म थी। गीत-संगीत के एक ही व्यवसाय में काम करने वाले दंपति के बीच एक-दूसरे की प्रतिभा और लोकप्रियता को ले कर अभिमान की टक्कर होती है, इस तरह की कहानी का विचार ऋषिकेश मुखर्जी को तब आया, जब सिनेमा से जुड़े लोगों के परिवारों की आंतरिक खटपट की खबर उजागर हुई थी। फिल्म इतनी अधिक वास्तविक और प्रामाणिक लग रही थी कि इसके पीछे किसी असली दंपति का संदर्भ न हो तो आश्चर्य की बात थी। उस समय और आज भी लोग सोचते हैं कि यह किस की कहानी थी, जिसे ऋषि दा ने परदे पर साकार किया था।




ब्रिटिश राज में (मध्य प्रदेश) के मैहर स्टेट के महाराजा बृजनाथ सिंह के दरबार में सरोदवादक बाबा अलाउद्दीन खान के यहां तालीम लेने आने वाले 18 साल के पंडित रविशंकर और 13 साल की उनकी बेटी अन्नपूर्णा का विवाह हुआ था। दोनों ही शास्त्रीय संगीत में माहिर थे। इसीलिए एक हुए थे। पर समय बीतने के साथ यही विवाद का कारण बना। कहा जाता है कि अन्नपूर्णा को अधिक कार्यक्रम और वाहवाही मिलती थी, जिससे रविशंकर का पुरुष अहं घायल होता था।

परिणामस्वरूप अन्नपूर्णा देवी पंडितजी और सार्वजनिक जीवन से खिसकती गईं। 1962 में पंडितजी से अलग हो कर उन्होंने मुंबई के फ्लैट में खुद को कैद कर लिया था। मानुषी के नारीवादी संपादक मधु किश्वर ने ट्विटर पर लिखा है कि रविशंकर ने अन्नपूर्णा के संगीत को कैरियर बरबाद कर दिया है। वह पंडित की अपेक्षा अधिक प्रतिभावान थीं और एक कार्यक्रम में तो पंडित ने क्रूरता से उन्हें घसीटा था। उसी दिन से उन्होंने कार्यक्रम बंद कर दिया था।

अभिमान की ऐसी ही कहानी थी। एक प्रोफेशनल गायक सुबिर (अमिताभ) गांव की गोरी उमा (जया बच्चन) से मिलता है और उसकी प्रकृति द्वारा मिली गायकी से आकर्षित हो कर उससे विवाह करता है। विवाह के बाद उमा की गायिकी रंग लाती है और उसका कैरियर चमक उठता है, जबकि सुबिर का कैरियर डूबने लगता है। इससे उसका अहंकार घायल होता है और दंपति के बीच खटराग शुरू हो जाता है। परिणामस्वरूप उमा गायिकी छोड़ कर मायके चली जाती है।

गुजराती लेखक-कार्टूनिस्ट आबिद सुरती के बेटे आलिफ सुरती ने 2002 में मेन्स वर्ल्ड नामक अंग्रेजी अखबार के लिए अन्नपूर्णा देवी का एक दुर्लभ इंटरव्यू किया था।(अन्नपूर्णा देवी न तो फ्लैट से बाहर आती थीं न किसी से मिलती थीं)। उसमें उन्होंने कहा था, मैं जब परफार्म करती थी और लोग दाद देते थे तो यह पंडितजी को अच्छा नहीं लगता था। मुझे तो वैसे भो परफार्म करने में कोई रुचि नहीं थी, इसलिए मैंने परफार्म करना बंद कर दिया और साधना चालू रखी।

सुरती लिखते हैं कि अभिमान फिल्म शुरू करने से पहले ऋषिकेश मुखर्जी ने अन्नपूर्णा देवी से कहानी को लेकर चर्चा की थी। फिल्म में तो दंपति बाद में मिल जाते हैं, पर असल जीवन में रविशंकर और अन्नपूर्णा देवी ने तलाक ले लिया था। विवाह को बचाने के लिए अन्नपूर्णा देवी ने बाबा और शारदा माता के समक्ष वचन दिया था कि वह कभी भी सार्वजनिक रूप से परफार्म नहीं करेंगी। पर उनका यह बलिदान भी उनके दांपत्य को बचा नहीं सका था। वरिष्ठ फिल्म-पत्रकार राजू भारतन का दावा है कि अभिमान की कहानी किशोर कुमार और रूमा देवी पर आधारित थी। एक जगह उन्होंने लिखा है, हम जो जानते उसके अनुसार, किशोर कुमार की पत्नी (अमित की मां) रूमा देवी कम प्रतिभाशाली नहीं थीं। किशोर कुमार को उनके कैरियर के शुरुआत में कम संघर्ष नहीं करना पड़ा, पर उन्हें यह पता था कि रूमा में कुदरती रूप से ही संगीत की प्रतिभा थी। ऋषि दा एक अच्छे कहानीकार थे। उन्होंने इस विषय को पकड़ कर अभिमान में अच्छी कहानी गढ़ी थी।

किशोर कुमार तो खैर बड़े भाई अशोक कुमार की देखादेखी फिल्मों में आए थे, पर संगीत तो रूमा देवी ठाकुरता के परिवार में ही था। उनकी माता सत्यजित रे के संबंध में थीं। रूमा ने बचपन में नृत्य सीखा था। उन्होंने दिलीप कुमार की पहली फिल्म ज्वार भाटा में काम किया था।1951 में किशोर कुमार से विवाह कर के मुंबई आई थीं, पर विवाह के 8 साल बाद तलाक ले कर वह कोलकाता वापस चली गई थीं। कहा जाता है कि रूमा कैरियर पसंद स्त्री थीं। जबकि किशोर कुमार घरेलू पत्नी चाहते थे। इसी वजह से दोनों में अनबन हुई थी।

रविशंकर-अन्नपूर्णा देवी और किशोर कुमार-रूमा देवी के वैवाहिक जीवन में काफी समानता थी। हो सकता है ऋषि दा को इन दोनों पर ही फिल्म बनाने का विचार आया हो। जो कुछ भी हो, पर अभिमान में उन्होंने वैवाहिक संबंध की जटिलता को नारीवादी दृष्टिकोण से जिस तरह पेश किया था, उसकी दर्शकों ने खूब सराहना की थी। एक तो इसकी कहानी बहुत सशक्त थी, दूसरे इसके मुख्य कलाकार (अमिताभ, जया, बिंदु, असरानी, ए के हंगल, दुर्गा खोटे) ने उम्दा अभिनय किया था और तीसरे उसका संगीत (सचिनदेव बर्मन) लाजवाब था। फिल्म को 1974 को बेस्ट एक्ट्रेस, बेस्ट म्युजिक और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर और एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था।

अमिताभ और जया के विवाह के कुछ महीने बाद ही फिल्म रिलीज हुई थी और फिल्म में भी नवविवाहित दंपति की बात थी, इसलिए फिल्म की वास्तविकता बहुत निखरी थी। खासकर इसमें सुबिर का पुरुष अहं जिस तरह पेश किया गया था, उससे लोगों को लगा था कि कैरियर पसंद पुरुष ऐसे हो होते हैं और पत्नियों को उनकी परछाई बन कर रहना पड़ता है। पत्नी की इस मजबूरी को मजरूह सुल्तानपुरी ने खूबसूरती से इन शब्दों में पेश किया था-

%पिया ऐसे रूठे कि होंठों से मेरे संगीत रूठा
कभी जब मैं गाऊं लगे मेरे मन का हर गीत झूठा
ऐसे बिछड़े हो... ऐसे मोसे रसिया
पिया बिना पिया बिना पिया बिना बसिया

फिल्म में अभिमान की लड़ाई इतनी तीव्र थी कि एक फैंस उमा को देख कर जोर से राधा ओ राधा कहता है तो ईर्ष्या में जल उठा सुबिर धीरे से कहता है, वाह, क्या क्लासिक नाम है। इसी तरह सुबिर उमा से पूछता है कि क्या तुम्हें मेरा गाना अच्छा लगता है? तब उमा उसके गानों को %हा हू चिखना-चिल्लाना बताती है। तीसरे एक दृश्य में सुबिर उसकी एक दोस्त चित्रा (बिंदु) के यहां शराब के पैग में दुख को डुबोते हुए कहता है, पहले भी अकेला था, अब भी अकेला हूं।

फिल्म नकारात्मक न बन जाए इसके लिए ऋषि दा ने मायके जा रही उमा का गर्भपात हो जाता है और सुबिर का हृदय परिवर्तन होता है, यह अंत कर के फिल्म को पारिवारिक फिल्म बना दिया था। इसमें भी एक गाने में मजरूह साहब और बर्मन दा ने कमाल कर दिया था। फिल्म की शुरुआत किशोर कुमार के सोलो गाने मीत न मिला रे मन का... गाने से होती है (जो उमा का मन चीखना-चिल्लाना वाला गाना है) और फिल्म का अंत किशोर-लता के ड्युएट से होता है। इसमें पति-पत्नी का पुनर्मिलन तो है ही, उमा की गायिकी की वापसी भी है। इसमें सुबिर गाता है, तेरे मिलन की ये रैना नया गुल कोई खिलाएगी। उसका साथ देते हुए उमा कहती है, नन्हा सा गुल खिलेगा अंगना सूनी बंइया सजेगी सजना।

यह एक पंक्ति में सूना हाथ फिर से सजाने और नया जीवन शुरू करने की उम्मीद थी। यही अभिमान का अंत भी था।




**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

## तितली रानी

देखो तितली रानी आयी।
नील गगन में पँख फैलायी।।
नीली पीली भूरी काली।
कुछ तितली हैं कितनी लाली!!
छोटी छोटी आँखें होती।
इन आँखों से स्वप्न सँजोती।।
सुंदर सुंदर डाली डाली।
और कभी लगती मतवाली।।
पुष्प रसों का सेवन करती।
तनिक पेट अपना वह भरती।।
मीठी मीठी बोले बानी।
सुनो ध्यान से सभी कहानी।।
स्पर्श करो तो वह डर जाती।
नाखुश होकर फिर उड़ जाती।।
तितली रानी बड़ी सयानी।।
दिनभर करती है मनमानी।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## भोले प्रेम ही तो चाहते

आज हमनें ठान ली है,
भोले से मिल कर चलें,
बात,बातों से बढ़ेगी,
बात हम करते चलें।
आज हमनें ठान ....
भोले मन के भोले हैं,
हर प्रीत में रस घोले हैं,
तुम कहीं भी याद कर लो,
भोले संग-संग ही चले हैं।
आज हमनें ठान ...
कोई कहता भोले बसते,
हैं हिमालय पर वहां,
हम तो कहते दिल से भज लो,
भोले बस जाएं यहां।
आज हमनें ठान ...
इस जहां में सबसे भोले,
बस प्रेम ही तो चाहते,
साथ मिलकर सब चलें,
मीलों सफर फिर नाप लें।
आज हमनें ठान ....
बांधकर भेजा समय में,
मन मैल फिर क्यूं कर रहे,
क्या धरा इस जिंदगी में,
बस प्रेम से मिलते रहो।
आज हमनें ठान ....
भोले भी तो प्रेम के,
पर्याय बन कर चल रहे,
बाग में ज्यूं पुष्प प्रमुदित,
मनभर कर फिर खिल रहे।
आज हमनें ठान ....

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर, इन्दौर
मध्यप्रदेश

## दूर न रहो

आ जाओ तुम करीब
के अब दूर न रहो
बन जाओ हम नसीब
के अब दूर न रहो
ये चांदनी रातें ये सितारों की टोलियां
लगते है सब रकीब के
अब दूर न रहो
करने लगीं पशेमां अब ये तनहाइयां
बन जाओ तुम हबीब के
अब दूर न रहो
जुल्फों की घनी छाँव
ये आँखों की मस्तियां
कुछ तो करो तरकीब के
अब दूर न रहो
अपना पता मालूम न है याद बस्तियां
हर राह तेरे जानिब के
अब दूर न रहो
किससे कहूँ जज़्बात करुँ
सरगोशियां
हर सर पे है सलीब के
अब दूर न रहो

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## ये औरतें भी ना..!!

ख़ुद रूठती, मान भी ख़ुद जाती हैं
आँखों से झरते टेसू, ख़ुद पोंछती हैं
सचमुच देखो बड़ा ड्रामा करती हैं
ये औरतें भी ना
ख़ूबसूरत दिखना भी चाहती हैं
ख़ुद को ज़रा संवारती भी नहीं
चाहती हैं जी भर खिलखिलाना
पर खुल कर मुस्कुराती भी नहीं
सचमुच देखो बड़ा ड्रामा करती हैं
ये औरतें भी न
गर्मियों में हो कर हैरान-परेशान
बारिशों में भीगने का करें इंतज़ार
पावस जब आये तो लोक-लाज
के मारे, घर में छुपी रहें मन मार
सचमुच देखो बड़ा ड्रामा करती हैं
ये औरतें भी न

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## नहीं आती

गुलशन में,प्यारी प्यारी तितलियाँ
नही आती।
मिलते है फक़त ख्वाबों में, चिठियाँ
नही आती।
हवाएँ है धूल भरी,नदियों का पानी
जहरीला,
घंटो बैठों किनारे पे, अब मछलियां
नही आती।
वो हम को याद करते थे, वो दौर
कुछ और था,
जागता हूँ शब भर,मगर हिचकियाँ
नही आती।
सच्चाई के हसीं फूलों से महकता है
गुलशन,
इन कागज़ी फूलों से सच्ची
खुशियाँ नही आती।
रख लो सहेज के तमाम रिश्ते,
बिखर न जाए,
के फिर सूखे हुए दरख्तों में,
कलियाँ नही आती।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

## उसने कैमरा उठा लिया

आग की लपटें उठ रही थी
वो मुश्किल में फंसी हुई थी
मदद के लिए लगी चिल्लाने
तो लोगों ने कैमरा उठा लिया
अपने हाथों को लगी उठाने
लगी उम्मीद से गुहार लगाने
किसी ने फ़र्ज़ अदा न किया
उसकी अब सांसे टूट रही थी
सड़क पे हुई दुर्घटना बड़ी थी
कोई न आया उसे तब बचाने
पर सभी ने कैमरा उठा लिया
एक अमूल्य जीवन को बचाने
इंसानियत के फ़र्ज़ को निभाने
क्यूँ किसी का दिल नहीं किया?
लगी उसको तो भूख बड़ी थी
कचरे के डिब्बे में पूड़ी पड़ी थी
गया वो बेबस जब उसे उठाने
उसका एक वीडियो बना लिया
जा न सका कोई उसे खिलाने
बस लाचारी का मज़ाक बनाने,
कैसे इस काम को अंजाम दिया?

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

## निर्माणाधीन पुलिया के नीचे झोपड़ी लगाकर सो रहे 2 मजदूरों को स्कॉर्पियो ने रौंदा,एक की मौत



- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
वर्षों से चल रहे अधूरे एनएच निर्माण ने एक और की जान ले ली। शनिवार की देर रात अंबिकापुर-रायगढ़ मार्ग एनएच-43 पर स्थित चेंद्रा-लुचकी घाट के बीच पुलिया निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को अनियंत्रित कार ने रौंद दिया। रात में काम खत्म करने के बाद निर्माण स्थल के पास लगे झोपड़ी में दो मजदूर सो रहे थे। दुर्घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। दोनों टीबीसीएल कंपनी के मजदूर थे।

टीबीसीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अंबिकापुर-रायगढ़ एनएच 43 का निर्माण कार्य कछुआ गति से किया रहा है। ऐसे में लोग तो परेशान हैं ही, साथ ही निर्माण कार्य के दौरान उक्त मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अधिकारियों व मंत्रियों का निर्देश भी निर्माण एजेंसी द्वारा हवा में उड़ाया जा रहा है। लुचकी घाट व चेंद्रा के बीच स्थित लालमाटी के पास पुलिया का निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसमें जशपुर जिले के बगीचा सारुढाब निवासी आनंद राम नागेश पिता रोन्हा 28 वर्ष व डब्लू मजदूरी कर रहे थे। शनिवार को काम खत्म कर रात में दोनों पुलिया के पास ही सडक़ से नीचे तंबू लगाकर हर दिन की भांति सो रहे थे। इसी दौरान देर रात अंबिकापुर से बतौली की ओर जा रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 29 एबी- 4125 के चालक ने तंबू पर वाहन चढ़ा दिया। हादसे में मजदूर आनंद राम नागेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डब्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां आईसीयू में उसका इलाज जारी है। इधर हादसे के बाद उसमें सवार लोग स्कॉर्पियो वहीं छोडक़र फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## अवैध कोयला उत्खनन पर रोक लगाने गड्ढों को पाटा गया जेसीबी से




- संवाददाता -
लखनपुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
लखनपुर एवं गांधीनगर थाना क्षेत्र में घुनघुट्टा नदी के किनारे कई गड्ढे कर किए जा रहे अवैध कोयला उत्खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी से सारे गड्ढों को पटवा दिया है। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

लखनपुर एवं गांधीनगर थाना क्षेत्र में घुनघुट्टा नदी के किनारे कई गड्ढे कर किए जा रहे अवैध कोयला उत्खनन की शिकायतें जिला प्रशासन एवं सरगुजा पुलिस को मिली थी। उक्त मामले को संज्ञान में लेकर कलेक्टर सरगुजा कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन में खनिज टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत देवांगन एवं थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र नाथ दुबे द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। मौके पर लखनपुर अंतर्गत ग्राम पुहपुटरा चिलबील एवं थाना गांधीनगर अंतर्गत रनपुर में अवैध कोयला उत्खनन करने हेतु किए गए कई गड्ढे मिले। प्रशासन एवं सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए नदी किनारे कोयला उत्खनन के लिए बनाये गए गड्ढों को जेसीबी मशीन के माध्यम से पाटा गया है। इस दौरान ग्रामीणों को हिदायत दी गई कि अगर किसी प्रकार की अवैध उत्खनन किए जाने की शिकायत मिलती है या ग्रामीण उत्खनन करते पाए जाते हैं तो जिला प्रशासन एवं सरगुजा पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
आंगनबाड़ी केन्द्र में चोरी के मामले में लखनपुर पुलिस ने एक आरोपी




को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार निर्मला तिवारी ग्राम केवरा थाना लखनपुर की रहने वाली है। वह आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है। वह 9 जनवारी को लखनपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आंगनबाड़ केन्द्र का ताला तोडक़र अज्ञात व्यक्ति द्वारा गैस सिलेंडर, चूल्हा, तीन गंज, पानी टंकी सहित अन्य सामान पार कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत देवांगन ने मुखबिर की सूचना पर संदेही तुरूण दुबे निवासी केवरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह आंगनबाड़ी केन्द्र में चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इसके कब्जे से चोरी का सामान भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी तरूण दुबे को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## 2 करोड़ से अधिक की राशि गबन के मामले में संबंधितों पर एफआईआर दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 रामानुजगंज के एसडीओ एवं इंजीनियर सुजीत गुप्ता और राजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा बिना कार्य कराए 2 करोड़ से अधिक की राशि गबन करने के मामले में कोर्ट के निर्देश पर रामानुजगंज थाने में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले में आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी व रूपेश गुप्ता अधिवक्ता के माध्यम से परिवाद दायर किया गया था। कोर्ट ने इस मामले में एफआईआर के आदेश दिए थे।



डीके सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा 6 जून 2022 को एक शिकायत थाना रामानुजगंज के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि 220.56 लाख रुपए का भुगतान जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सर्वेक्षण एवं अनुसंधान उप संभाग रामानुजगंज के तत्कालीन प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं तत्कालीन उप अभियंता सुजीत कुमार गुप्ता द्वारा कार्य का भुगतान किया गया है। कार्य स्थल का निरीक्षण कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 रामानुजगंज द्वारा किया गया जिससे ज्ञात हुआ कि वर्ष 2021-22 के दौरान कराए गए सर्वेक्षण का कार्य फर्जी और गुणवत्ता विहीन है। कार्यस्थल पर किसी भी तरह का कोई चिन्ह नहीं है। केवल अनुविभागीय अधिकारी एवं उप अभियंता द्वारा कागजों में फर्जी तरीके से कार्य अंकित कर संबंधित एजेंसियों के नाम पर फर्जी भुगतान कराया गया है। इस मामले में इस मामले में आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी व रूपेश गुप्ता अधिवक्ता के माध्यम से रामानुजगंज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय परिवाद दायर किया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पंकज आलोक तिर्की द्वारा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध 7 दिवस के अंदर एफआईआर दर्ज कर जांच कर अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। आदेश में बाद रामानुजगंज थाने में राजेंद्र प्रसाद सिंह और सुजीत गुप्ता के विरुद्ध 2 फरवरी को धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

## कलेक्टर एसपी ने लिया महोत्सव की तैयारियों का जायजा

**» विभागीय समन्वय से सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
कलेक्टर कुन्दन कुमार व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने रविवार को मैनपाट महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने तेजी से चल रहे तैयारी पर संतुष्टि जाहिर करते हुए शेष तैयारी विभागीय समन्वय से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य मंच निर्माण, डोम, पार्किंग, प्रवेश, सुरक्षा, बैठक व्यवस्था आदि की जानकारी लेकर बेहतर व्यवस्था हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के एवं प्रदेश के बाहर से आने वाले कलाकारों के ठहरने, आने-जाने, लाइजनिंग, सुरक्षा वीवीआईपी एवं आमजनों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एडवेंचर स्पोर्ट्स, कुश्ती, खेल आदि के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि 14 फरवरी से 16 फरवरी तक तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन प्रस्तावित है। तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें आमंत्रित कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों की सहभागिता रहेगी। स्थानीय कलाकारों को तरजीह दी जाएगी। महोत्सव में प्रवेश, पार्किंग व सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस दौरान डीएफओ पंकज कमल, संयुक्त कलेक्टर टीसी अग्रवाल, एसडीएम रवि राही, शिवानी जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## खाद्य मंत्री ने एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का किया निरीक्षण

**» प्रत्येक कार्य के लिए पृथक टीम लगाकर तय समय पर काम पूरा करने के निर्देश**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत रविवार को हेलीकाप्टर से दरिमा स्थित मा महामाया एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट उन्नयन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक टीम लगाकर 24 घण्टे काम जारी रख तय समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए।



खाद्य मंत्री ने रन-वे के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण कार्य का अवलोकन करते हुए इस माह के अंत तक काम पूरा करने के निर्देश दिये। इसीप्रकार बॉउंड्रीवाल के बाहर छोटे बड़े करीब 600 पेड़ों की कटाई का काम, बिजली खम्भां, नेटवर्क टावर को हटाने का काम भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात संचालक नागर विमानन श्री एनएन एक्का ने टर्मिनल बिल्डिंग में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार की बैठक ली। उन्होंने पूरे टर्मिनल बिल्डिंग के उन्यन कार्य मार्च तक, एटीसी टावर, मेट ऑफिस, फ़ायर रूम, आइसोलेशन व एप्रॉन एरिया के कार्य इसी फरवरी अंत तक पूरा करने कहा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी के द्वारा निरीक्षण इस महीने संभावित है। इसलिए तेजी से काम पूरा कराने पर जोर दें। उन्होंने सुरक्षा बलों के लिए बैरक निर्माण व एयरपोर्ट संचालन के लिए मानव संसाधन की व्यवस्था के भी निर्देश दिए।

बताया गया कि भविष्य में नाइट लैंडिंग व 120 सीटर विमान परिचालन के लिए रन -वे के सेंटर से दोनों तरफ करीब 200 मीटर जमीन की आवश्यकता होगी। अभी रन-वे के मध्य से दोनों तरफ 150 मीटर क्षेत्र है। 50 मीटर और बढाने के लिए जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता होगी। रन-वे में अभी डामरीकरण की फाइनल लेयर की तैयारी चल रही है। इस महीने रन-वे के डामरीकरण का कार्य भी पूरा हो जाएगा।

इस दौरान कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, डीएफओ श्री पंकज कमल, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर में दी गई शिक्षा के अधिकार की जानकारी




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
अमित जिन्दल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के मार्गदर्शन में पीएलवी सलोमी कुजुर द्वारा 4 फरवरी को मठपारा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान उन्होनें बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21-ए में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। वर्ष 2010 में निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 पारित हुआ, जिसकी धारा 3 में प्रत्येक बालक को प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने तक अपने पड़ोस के विद्यालय में निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। धारा 5 के अनुसार बिना टीसी के भी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के लिए विद्यालय में प्रवेश का अधिकार होगा। सलोमी कुजुर ने आगे बताया कि निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 13 के अनुसार किसी बालक को कैपिटेशन फीस देने की बाध्यता नहीं है तथा बालक के अभिभावक को किसी स्क्रीनिगं प्रकिया से गुजरना नही होगा तथा धारा 16 के अनुसार किसी बालक को प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने तक निष्काषित नहीं किया जाएगा तथा धारा 17 के अनुसार किसी बालक के साथ मारपीट नहीं की जाएगी।

## कृषकों के खाते के रकबा को बढ़ाकर धान की बोनस राशि का आहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




- संवाददाता -
सूरजपुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
03. फरवरी को ग्राम बरबसपुर निवासी सीताराम राजवाड़े ने थाना रामानुजनगर में लिखित आवेदन एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए सूरजपुर का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया कि सहायक लिपिक, समिति गणेशपुर का शिव प्रताप सिंह के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अनाधिकृत लाभ प्राप्त किए जाने के उद्धेश्य से दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करते हुए 6 कृषकों के खाते के रकबे को बढ़ा दिया तथा 9 कृषकों के धान के बोनस की तीन किस्तों की राशि 1 लाख 29 हजार रूपये को अपने बैंक खाता में लिंक कराकर राशि अपने खाते में ट्रांसफर कराकर राशि का उपयोग किया है। मामले में थाना रामानुजनगर पुलिस ने अपराध क्रमांक 19/23 धारा 420, 467, 468 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना रामानुजनगर की पुलिस ने तत्परतापूर्वक दबिश देकर आरोपी शिवप्रताप सिंह पिता दुबे सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बरबसपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया।


## पण्डो बस्ती बंडा भैसा में रेड क्रॉस टीम के द्वारा किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हाइजीन किट का किया गया वितरण**

- संवाददाता -
सूरजपुर, 05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।
रामानुजनगर ब्लॉक जिला सूरजपुर के अंतर्गत ग्राम परशुरामपुर के पण्डो बस्ती बंडा भैसा में इन्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सूरजपुर और राज्यपाल के द्वारा प्रदत्त वाहन और सेक्टर परशुरामपुर टीम व सरपंच लालकेश्वर सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गणपत नायक, जिला संगठन संदीप गुप्ता के सहयोग से स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर आयुष चिकित्सक डॉ. एस के त्रिपाठी एवं टीम के सदस्य पर्यवेक्षक अनिल सिंह देव कुमारी दुबे, एलटी शारदा, पूजा जगमनिया के द्वारा राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो जनजाति के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । शिविर में मलेरिया हिमोग्लोबिन शुगर की जांच किया गया निरीक्षण में पहुंचे जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर एस सिंह आए हुए बच्चों को देखकर खुद ही बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने लगे परीक्षण के दौरान 3 वर्ष की बालिका विमला पिता रामेश्वर पंडो का हृदय रोग के तहत चिन्हांकित किया गया चिन्हांकित बच्ची के इलाज इको कार्डियोग्राफी हेतु सीएमएचओ ने आरबीएसके टीम को निर्देशित किए एवं साथ ही सीएमएचओ डॉ. आर एस सिंह ने उपस्थित पण्डो समाज के लोगों को हाइजीन एवं स्वस्थ्य रहने के तरीके बताएं जिला संगठन संदीप गुप्ता एवं लेखा प्रभारी रेड क्रॉस सोसाइटी लक्ष्मण धारी ने रेडक्रॉस के संबंध में जानकारी दिए शिविर में टिकेश्वर यादव एवं राहुल के द्वारा 30 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया एवं कुल 51 मरीजों का उपचार किया गया जिसमें बुखार के 2 सर्दी 17 खांसी 3 बीपी 14 शुगर 28 की जांच हीमोग्लोबिन की 28 जांच किया गया शिविर में आयुर्वेद एलोपैथिक चिकित्सा प्रदान किया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर एस सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गणपत नायक, सरपंच लालकेश्वर सिंह डॉक्टर एस के त्रिपाठी संदीप गुप्ता लक्ष्मणधारी के द्वारा पण्डो जनजाति के लोगों को हाईसीन किट का वितरण किया गया।।



# बलूचिस्तान के क्वेटा में विस्फोट,कई घायल,टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी





**इस्लामाबाद,05 फरवरी 2023।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को हुए एक विस्फोट में कम से कम पांच लोग घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की ओर से हाल के दिनों में सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाते हुए सुनियोजित हमले की यह दूसरी घटना है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट क्वेटा पुलिस लाइन क्षेत्र में हुआ और घायलों को शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। विस्फोट की प्रकृति के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है। प्रतिबंधित संगठन टीटीपी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इसने कहा कि विस्फोट में सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाया गया था।

### विस्फोट के कारण रोकना पड़ा पाकिस्तान सुपर लीग मैच

इस बीच क्वेटा के नवाब अकबर बुगती स्टेडियम में खेले जा रहे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) मैच को विस्फोट के कारण कुछ देर के लिए रोकना पड़ा, जिसमें कप्तान बाबर आजम और पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी जैसे हाई प्रोफाइल खिलाड़ी भाग ले रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि कोई भी खिलाड़ी घायल नहीं हुआ है।

### पेशावर मस्जिद विस्फोट में हुई सौ से ज्यादा लोगों की मौत

कुछ दिन पहले पेशावर की एक मस्जिद में दोपहर की नमाज के दौरान तालिबान के एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया था जिसमें 101 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। पाकिस्तान आतंकवाद की ताजा लहर से प्रभावित हुआ है। इस लहर से देश का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, इसके अलावा इसकी सीमा से सटे बलूचिस्तान और पंजाब के मियांवाली शहर में आतंकी हमले देखे गए हैं।

### पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से की हस्तक्षेप करने की मांग

पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार के मुताबिक, शुक्रवार को शीर्ष समिति की बैठक के दौरान पाकिस्तान के नागरिक और सैन्य नेतृत्व ने टीटीपी को नियंत्रित करने के लिए अफगान तालिबान प्रमुख हिबतुल्लाह अखुंदजादा के हस्तक्षेप की मांग करने का फैसला किया था। पिछले साल नवंबर में टीटीपी ने जून 2022 में सरकार के साथ हुए अनिश्चितकालीन संघर्ष विराम को रद्द कर दिया था और अपने आतंकवादियों को सुरक्षा बलों पर हमले करने का आदेश दिया था।

### TTP की PML-N और क्क्क्क्कके नेताओं को निशाना बनाने की धमकी

टीटीपी को अलकायदा से करीबी संबंध रखने वाला संगठन माना जाता है। इसने धमकी भी दी है कि अगर सत्तारूढ़ गठबंधन आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाना जारी रखता है, तो वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पीएमएन-एल और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की पीपीपी के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाएगा।

### 2007 के बाद कई घातक हमलों का जिम्मेदार टीटीपी

वर्ष 2007 में कई आतंकवादी संगठनों के समूह के रूप में गठित टीटीपी ने संघीय सरकार के साथ संघर्ष विराम तोड़ लिया था और अपने आतंकवादियों को देश भर में आतंकवादी हमले करने का आदेश दिया था। इस समूह को 2009 में सेना मुख्यालय पर हमला, सैन्य ठिकानों पर हमला और 2008 में इस्लामाबाद के मैरियट होटल पर बमबारी सहित पाकिस्तान में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

# मुशर्रफ के निधन पर बोले शहबाज शरीफ-दुआ करूंगा उन्हें माफी मिले, इमरान के करीबी ने बताया महान

**इस्लामाबाद,05 फरवरी 2023।** पाकिस्तान के पूर्व तानाशाह और आर्मी जनरल परवेज मुशर्रफ के निधन पर उनके दोस्तों के साथ-साथ उनके दुश्मन रहे लोगों की भी प्रतिक्रियाएं आई हैं। किसी ने मुशर्रफ को महान इंसान बताया है तो किसी ने पूर्व तानाशाह के निधन पर संतोष जताया। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और परवेज मुशर्रफ के बीच खूब तनातनी रही। अब नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने मुशर्रफ के निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि %वह दुआ करेंगे की उन्हें माफी मिल जाए%।



एक समय पाकिस्तान की सत्ता की धुरी रहे परवेज मुशर्रफ बीते कई सालों से दुबई में निर्वासन में जीवन गुजार रहे थे। रविवार को दुबई के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। मुशर्रफ के निधन पर शोक जताते हुए पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के कार्यालय की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पूर्व राष्ट्रपति और आर्मी जनरल परवेज मुशर्रफ के निधन पर दुख जताया है।

साल 1999 में परवेज मुशर्रफ ने करगिल युद्ध के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का तख्तापलट कर दिया था और खुद पाकिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गए थे। इसके चलते नवाज शरीफ और उनके परिवार को कई साल सऊदी अरब में निर्वासन में गुजारने पड़े। परवेज मुशर्रफ के निधन पर नवाज शरीफ के भाई और पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्वीट करते हुए लिखा कि %मैं पूर्व जनरल परवेज मुशर्रफ के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। दुआ करता हूं कि उन्हें माफी मिले।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को भी मुशर्रफ के राज में भ्रष्टाचार का दोषी करार देकर छह साल तक जेल में डाल दिया गया था। परवेज मुशर्रफ के निधन पर यूसुफ रजा गिलानी के बेटे अली मूसा गिलानी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि %मुशर्रफ मर चुके हैं....लोकतंत्र जीवित है। जो लोग मुशर्रफ की वजह से मरे, वो भी जिंदा हैं। मुशर्रफ के राज ने ना सिर्फ मेरे पिता के जीवन के पांच साल छीने बल्कि मेरे समेत कई का बचपन भी छीना था।

वहीं इमरान खान के करीबी और पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने परवेज मुशर्रफ को महान इंसान बताया और कहा कि मुशर्रफ की विचारधारा पहले पाकिस्तान वाली थी। पाकिस्तान पंजाब के पूर्व सीएम परवेज इलाही ने भी मुशर्रफ के निधन पर दुख जताया और कहा कि उनकी सेवाओं को पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा। पाकिस्तानी सेना के विभिन्न अधिकारियों ने भी बयान जारी कर पूर्व आर्मी जनरल के निधन पर दुख जताया।

# चीन के हुनान प्रांत में 49 वाहनों की जोरदार टक्कर,16 लोगों की मौत,66 घायल



**बीजिंग,05 फरवरी 2023।** चीन के हुनान प्रांत में कई वाहनों की टक्कर के कारण 16 लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि हुनान में एक साथ कई वाहनों के टकराने से यह हादसा हुआ। सरकारी सीजीटीएन के समाचार पोर्टल ने रविवार को इसके बारे में बताया।

रिपोर्ट के मुताबिक, हुनान प्रांत के चांगशखा शहर में शुचांग-ग्वांगझू राजमार्ग पर शनिवार शाम दस मिनट में 49 वाहन आपस में टकरा गए। रिपोर्ट में स्थानीय यातायात पुलिस विभाग के हवाले से कहा गया है, दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो गई और 66 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पतालों में भेजा गया है, उनमें से आठ गंभीर रूप से घायल हैं लेकिन उनकी हालत स्थिर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने दुर्घटना से निपटने के लिए एक कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा है।मामले की जांच और उसके बाद के घटनाक्रम का निपटारा अभी चल रहा है।

# कनाडा में कोमागाटा मारू घटना पर रखा जाएगा सड़क का नाम,376 भारतीयों को मिलेगा सम्मान

**टोरंटो,05 फरवरी 2023।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के में एबॉट्सफोर्ड में सड़क के एक हिस्से का नाम कोमागाटा मारू वे रखा जाएगा। यह फैसला वर्ष 1914 में भारत से कनाडा गए 376 भारतीयों की याद में लिया गया है, जिन्हें नस्लवादी नीतियों के कारण उन्हें प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एबॉट्सफोर्ड सिटी काउंसिल ने पिछले हफ्ते सर्वसम्मति से साउथ फ्रेजर वे के एक हिस्से का नाम बदलकर कोमागाटा मारू वे करने को लेकर मतदान किया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कदम 1914 में कोमागाटा मारू जहाज पर सवार भारतीयों के वंशजों के अनुरोध के बाद उठाया गया है। पीड़ितों के वंशजों ने एबॉट्सफोर्ड सिटी काउंसिल से उस समय निभाई गई मानवीय भूमिका को याद करने के लिए कहा था।



चार अप्रैल, 1914 को जापानी जहाज %कोमागाटा मारू% 376 भारतीय यात्रियों को लेकर हांगकांग से ब्रिटिश कोलंबिया के तट पर रवाना हुआ था। ये यात्री नए घर और आर्थिक सुरक्षा की तलाश में थे। ब्रिटिश कोलंबिया के तट पर जहाज के पहुंचे के बाद इन लोगों को कनाडा में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। इस कारण इन्हें कोलकाता लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। 376 भारतीयों में 340 सिख, 24 मुस्लिम और 12 हिंदू शामिल थे। जब ये कोलकाता पहुंचे, तो ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया। जिसके बाद हिंसा शुरू हो गई थी और बाद में पुलिस की गोलीबारी में 22 लोग मारे गए थे।

कोमागाटा मारू घटना 1914 में महत्वपूर्ण नस्लवादी घटना थी। एबॉट्सफोर्ड सिटी काउंसिल के सदस्य दवे सिद्धू ने बताया कि यह फैसला लोगों को एक साथ लेकर चलने और उन्हें समझने की प्रतिबद्धता दिखाता है और यह उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी को सम्मान देता है। उन्होंने कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों को मजबूत संदेश देता है कि हमारे पास हर किसी के लिए न्यायपूर्ण समाज है।

# एक दिन में देगी 150 लीटर दूध...चीन के वैज्ञानिक क्लोनिंग के जरिए बना रहे सुपर गाय



**बीजिंग,05 फरवरी 2023।** चीन के वैज्ञानिक अपने शोध के चलते हमेशा विवादों में रहते हैं। इस बार चीनी वैज्ञानिकों ने जो किया है वह और भी चौंकाने वाला मामला है। दरअसल, चीनी वैज्ञानिकों ने तीन सुपर गाय बछड़ों का सफलतापूर्वक क्लोन किया है, जो एक बार पूरी तरह से विकसित हो जाने पर, औसत अमेरिकी गाय की तुलना में 50त्न अधिक दूध का उत्पादन करने में सक्षम हैं।

ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, बछड़ों का जन्म लिंग्वू शहर में पिछले महीने स्वस्थ हुआ था। ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि पैदा हुए पहले बछड़े का वजन 120 पाउंड था और यह 2% 6 ÷फीट लंबा था। वैज्ञानिकों ने राज्य के स्वामित्व वाले मीडिया आउटलेट को बताया कि बछड़ों का आकार और त्वचा का पैटर्न गायों के समान है।

### गाय अपने जीवनकाल में एक लाख लीटर दूध देगी

चीनी वैज्ञानिकों ने कहा कि बछड़े अंततः प्रति वर्ष 18 टन दूध या अपने जीवनकाल में 1 लाख लीटर दूध का उत्पादन करेंगे। अमेरिकी कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, तुलनात्मक रूप से, औसत अमेरिकी गाय एक वर्ष में लगभग 12 टन दूध का उत्पादन करती है। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने कहा है कि क्लोन गाय का मांस और दूध ÷पारंपरिक रूप से पैदा हुए जानवरों के भोजन के रूप में खाने के लिए सुरक्षित है।

### होल्स्टीन फाइजियन गाय

तथाकथित सुपर गायों को हॉल्स्टीन फाइजियन गायों का उपयोग करके बनाया गया था, जो मवेशियों की एक डच नस्ल है जो दूध की औसत मात्रा से अधिक उत्पादन करने के लिए जानी जाती है। चीनी वैज्ञानिकों ने पिछले साल दुनिया के पहले आर्कटिक भेड़िये की क्लोनिंग के लिए सुर्खियां बटोरीं, लेकिन सुपर गाय प्रयोग को शोधकर्ताओं द्वारा एक और महत्वपूर्ण सफलता के रूप में सराहा गया, जिन्होंने यह भी नोट किया कि चीन गायों के आयात पर कितना निर्भर करता है।

दूध और पनीर की बढ़ती मांग का सामना करते हुए, चीन अपनी डेयरी गायों का लगभग 70त्न अन्य देशों से आयात करता है। ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि राष्ट्र की सीमाओं के भीतर लगभग 6.6 मिलियन होल्स्टीन फेशियन गाय हैं, लेकिन प्रत्येक 10,000 में से केवल पांच वास्तव में दूध की उच्च मात्रा का उत्पादन करने में सक्षम हैं।

## फ्रांस परमाणु रिएक्टरों की आयु बढ़ाने पर विचार करेगा

**पेरिस,05 फरवरी 2023।** फ्रांस परमाणु रिएक्टरों की आयु को 60 साल और उससे आगे बढ़ाने की संभावना पर विचार करेगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय (एलिसी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

एलिसी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की अध्यक्षता में परमाणु नीति परिषद (एनपीसी) की बैठक के बाद कहा कि अध्ययन का उद्देश्य मौजूदा रिएक्टरों के जीवनकाल का विस्तार करना और लंबी अवधि में कार्बन-मुक्त और प्रतिस्पर्धी बिजली का उत्पादन करना है।

श्री मैक्रॉन ने पिछले साल कम से कम छह नए अगली पीढ़ी के ईपीआर2 रिएक्टर बनाने और देश के परमाणु क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की योजना की घोषणा की थी। आज हुई बैठक में एनपीसी ने संबंधित लघु और दीर्घकालिक कार्यों का आकलन किया। एनपीसी ने छह नए रिएक्टरों के नियोजित निर्माण पर फरवरी के अंत में एक सार्वजनिक बहस आयोजित करने का भी निर्णय लिया।

# इस्राइली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी,नए कानून के विरोध में तेल अवील की सड़कों पर उतरे लोग

**तेल अवीव,05 फरवरी 2023।** इस्राइल में सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों को नियंत्रित करने वाले कानून के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। यहां बीते पांच सप्ताह से इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। शनिवार को भी इस्राइल के तेल अवीव की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए और बेंजामिन नेतन्याहू सरकार के विवादास्पद कानूनी सुधारों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।



इस्राइली झंडे लहराती हुई भीड़ ने शहर की केंद्रीय काल्पन स्ट्रीट को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल की नई सरकार को विश्व शांति के लिए खतरा करार दिया। बता दें, नए कानून के तहत इस्राइली सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का अधिकार मिल जाएगा।

### इस्राइल के 20 शहरों में हुआ प्रदर्शन

स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस्राइल के यरुशलम, हाइफा, बेर्शेबा और हर्जलिया व तेल अवीव समेत देश के कई शहरों में हजारों लोगों प्रदर्शन किया। हाइफा में हुए विरोध प्रदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री यायर लापिड भी शामिल रहे। उन्होंने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि %हम अपने देश को बचाएंगे क्योंकि हम एक अलोकतांत्रिक देश में नहीं रहना चाहते हैं।%

### 61 सांसद बदल सकते हैं सुप्रीम कोर्ट का फैसला

नेतन्याहू सरकार द्वारा प्रस्तावित नए कानून के तहत 120 सीटों वाली इस्राइली संसद में 61 सांसदों के साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द किया जा सकेगा। प्रस्तावित सुधार उस प्रणाली को भी बदल देगा जिसके माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है। इससे न्यायपालिका में राजनेताओं को अधिक नियंत्रण मिलेगा। इस नए न्यायिक सुधार ने स्त्रक्क्षक्त समुदाय को भी चिंता में डाल दिया है।

# दिल्ली में पैदा हुआ था करगिल जंग का विलेन,जानें पाक के तानाशाह मुशर्रफ के बारे में सबकुछ

**इस्लामाबाद , 05 फरवरी 2023।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का रविवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह दुबई के एक अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने 79 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। मुशर्रफ अमाइलॉइडोसिस बीमारी से जूझ रहे थे। आइए जानते हैं परवेज मुशर्रफ के बारे में सबकुछ...

### दिल्ली के दरियागंज में हुआ था जन्म

परवेज मुशर्रफ का जन्म 11, अगस्त 1943 को दिल्ली के दरियागंज में हुआ था। भारत के विभाजन के बाद उनका परिवार कराची जाकर बस गया। बाद में वे पाकिस्तान के राष्ट्रपति और सेना प्रमुख बने। इन्होंने साल 1999 में नवाज शरीफ की लोकतांत्रिक सरकार का तख्ता पलट कर पाकिस्तान की बागडोर संभाली और 20 जून, 2001 से 18 अगस्त 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे।

### 2001 में वापस उसी घर में गए थे मुशर्रफ

पुरानी दिल्ली के जिस घर में मुशर्रफ का जन्म हुआ था, वो अब काफी पुराना और कमजोर हो चुका है। हालांकि उस आलीशान घर को देखकर इस बात का अंदाजा अब भी लगाया जा सकता है कि मुशर्रफ उन दिनों पुरानी दिल्ली के जानेमाने परिवार से ताल्लुक रखते थे। अब उस हवेलीनुमा घर में आठ परिवार रहते हैं। साल 2001 में भारत दौरे के पहले दिन मुशर्रफ पुरानी दिल्ली के उस मकान में गए थे, जहां उनका बचपन गुजरा था। विभाजन के बाद मुशर्रफ के परिवार ने पाकिस्तान जाने का फैसला किया और पुरानी दिल्ली के उस घर को छोड़कर सबलोग पाकिस्तान चले गए। उस समय मुशर्रफ मात्र चार साल के थे।

### सर सैयद अहमद के पड़ोसी थे मुशर्रफ



2001 के समय जो लोग उस घर में रहते थे, उनमें से अधिकतर को तो इस बात की जानकारी भी नहीं थी कि उसके असली मालिक कौन हैं? घर के असली कागजातों पर सारी जानकारियां उर्दू में लिखी हुई हैं, जिनपर मुशर्रफ के पिता के नाम से अंग्रेजी में हस्ताक्षर किए हुए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक और अल्पसंख्यक समुदाय के नेता सर सैयद अहमद मुशर्रफ के पड़ोस वाले मकान में ही रहते थे। मुशर्रफ के पुराने घर के आसपास के इलाके बहुत पॉश, संकरे और गंदे हैं।

### भारत को दिए गहरे जख्म

अप्रैल से जून-1999 तक भारत और पाकिस्तान के बीच हुए करगिल युद्ध के दौरान परवेज मुशर्रफ सुर्खियों में आए। क्योंकि उस दौरान मुशर्रफ ही पाकिस्तान के सेना-प्रमुख थे। सेनाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने भारत को कई ऐसे जख्म दिये, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारते हुए रिश्तों को नए आयाम तक पहुंचाया, लेकिन उनकी यह पहल लंबे समय तक कायम नहीं रह पाई। माना जाता है कि परवेज मुशर्रफ ही अटल बिहारी का साथ देने में पीछे हट गए थे।

### 1961 में पाकिस्तान सेना में हुए थे शामिल

जनरल परवेज मुशर्रफ 1961 में पाकिस्तानी सेना में शामिल हुए थे। वे एक शानदार खिलाड़ी भी रहे रहे। 1965 में उन्होंने अपने जीवन का पहला युद्ध भारत के खिलाफ लड़ा और इसके लिये उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा वीरता का पुरस्कार भी दिया गया। उनके नेतृत्व में 1971 में हुए दूसरे भारत-पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तान को हार का मुंह देखना पड़ा। 1999 में करगिल युद्ध के दौरान भी पाकिस्तान को दुनिया के सामने शर्मिंदा होना पड़ा।

### मुशर्रफ ऐसे बने सेना प्रमुख

अक्तूबर 1998 में मुशर्रफ को जनरल का ओहदा मिला और वे सैन्य प्रमुख बन गए। 1999 में उन्होंने बिना खून बहाए तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पद से हटा कर सत्ता की बागडोर संभाल ली। इसके बाद 2002 में हुए पाकिस्तान के आम चुनावों में वे बहुमत से जीते।

# कलेक्टर दफ्तर में दूर-दराज से आ रहे,मजदूर,किसान सहित अन्य फरियादियों के लिए लगाएं गेट,आम जन को हो रहा परेशानी,सरकार आपके द्वार को जिले अफसर लगा रहे पलीता

## आम जन ने कहा अफसर भूल गए है ये प्रजातंत्र है

- ओंकार पाण्डेय -
सूरजपुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।





प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के 90 विधानसभा के गाँव गांव में जाकर जनता से संवाद कर रहे है। जनता की हाल खबर उनके बीच जाकर ले रहे है। वहीं सूरजपुर जिले के कलेक्टर जनता से दूर होती दिख रही है। संयुक्त कलेक्ट्रेड बिल्डिंग के कलेक्टर दफ्तर में आम जन को आने जाने के लिए धारा 144 की माफिक पुलिस जवान लगा दिया गया है तो वहीं एक गेट को वीआईपी बताकर बन्द कर दिया है। एक मुख्य गेट से आम जन अपनी समस्याओं को कलेक्टर तक दे पाते उससे पूर्व ही बरामदा में दोनो ओर अस्थाई गेट लगा दिया गया है। अब आम जन को घण्टो इंतजार करना पड़ेगा उनको सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, कलेक्टर से भेंट करने के लिए दूर दराज से आये मजदूरों,किसानों सहित अन्य फरियादियों को परेशानी का सामान करना पड़ेगा। जिससे सरकार आपके द्वार की मंशा को जिले के अफसर विफल करते नजर आ रहे है। जबकि कोरोना की भयावहता के दौरान भी इतनी बंदिशे नही थी तब भी आम लोग बेधड़क आना जना करते रहे लेकिन ठीक विपरीत आज के सामान्य दिनों में अब तो दूरी बढ़ती जा रही है।



### जनता नाराज....

राजनीतिक पार्टियों के नेताओ ने भी इसको लेकर नाराजगी जाहिर की है। शुक्रवार को कलेक्टर से शिकायत देने आए ग्रामीणों ने बताया कि प्रजातन्त्र है। आम जनता के टैक्स के पैसे से शासकीय दफ्तर चलता है। जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अफसरों की नियुक्ति की गई है। उन्हें मोटी रकम तनख्वाह से लेकर तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराया जाता है। किन्तु जनता के सेवक आज अपने आप को राजा की तरह देख रहे है। सूरजपुर के अफसर जनता से दूरी बनाने का कार्य कर रहे है। जिससे आम जन हलाकान परेशान है।

### मुख्यमंत्री से करूँगा शिकायत



इस संबंध में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने कहा कि आप के माध्यम से मुझे जानकारी मिला है और यह गलत है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से चर्चा कर कार्रवाई के लिए बात करूंगा मैं रायपुर में ही हूं।

### नो कमेंट्स

इस संबंध जब सूरजपुर कलेक्टर से फ़ोन के माध्यम से चर्चा किया गया उन्होंने बताया कि मैं इस संबंध में कोई भी टिप्पणी नहीं करना चाहती हूं।

### पारस नाथ राजवाड़े,



विधायक भटगांव विधानसभा ( संसदीय सचिव) ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप जनता से मिलना चाहिए उसी के लिए बैठाया गया है जनता के लिए काम तो करना पड़ेगा मुझे आप के माध्यम से जानकारी मिल रहा है मेरी माता जी का स्वर्गवास हो गया था तो मैं काफी दिन से कलेक्ट्रेट जा नहीं पाया हूं। मैं कलेक्ट्रेड जाकर देखूंगा, लोगों को किसी भी प्रकार का दिक्कत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पत्र के माध्यम से करूंगा शिकायत

संबंध में असंगठित इंटक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राज गुप्ता ने कहा आपके माध्यम से जानकारी मिला है कलेक्टर जो जिले का मुखिया होता है जिससे आम आदमी, मजदूर, असहाय जैसे लोग उम्मीद बनाये रखते हैं और फरियाद लेकर पहुंचते है।उनको इस तरह का कृत्य शोभा नही देता अपनी ओहदा का इस तरह दुरपयोग अच्छी बात नही है मैं मुख्यमंत्री व मंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराऊंगा।



# होली टेम्पल स्कूल देवनगर का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

- संवाददाता -
सूरजपुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



होली टेम्पल स्कूल देवनगर का वार्षिक उत्सव 02 फरवरी 2023 को प्रेमनगर विधायक व अध्यक्ष सरगुजा उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण खेलसाय सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत सूरजपुर नरेश राजवाड़े की अध्यक्षता तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत रामानुजनगर श्रीमती माया सिंह जी, उपाध्यक्ष कृषि मंडी राजीव कुमार सिंह जी, संरक्षक होली टेम्पल स्कूल देवनगर मृगेन्द्र सिंह , सदस्य उर्दू आयोग छ.ग. मो. इस्माईल खान, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामानुजनगर प्रदीप साहू सरपंच देवनगरड्ड रामनाथ टोप्पो जी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

होली टेम्पल स्कूल के बच्चों के शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच बच्चों व अभिभावकों को मुख्य अतिथि श्री खेलसाय सिंह जी ने संबोधित करते हुए कहा कि - यहां के बच्चों की सुंदर व आकर्षक प्रस्तुति देखकर ऐसा लगता है कि यह संस्था ग्रामीण बच्चों की प्रतिभाओं को बखूबी निखारने के काम कर रही है। इस संस्था से कई छात्र पढ़कर आई.आई.टी, मेडिकल तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर अपने गाँव, स्कूल एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने होली टेम्पल स्कूल के संस्थापक संजय दास एवं उनकी पूरी शैक्षणिक टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस संस्था का यह नेक कार्य हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने संस्था के संस्थापक के मांग अनुरूप संस्था में शौचालय निर्माण हेतु राशि 2,00,000 ? (दो लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नरेश राजवाड़े ने कहा कि हमारे गाँव के बच्चों की प्रतिभा किसी भी बाहर के बच्चों से कम नही है। इन बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने में लगे संस्था के सभी कर्मठ शिक्षकों को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूँ। जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह जी ने कहा कि यह संस्था ग्रामीण अंचल में शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रही है, माँ सरस्वती इन्हें इस कार्य को लगातार आगे बढाने की शक्ति प्रदान करे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन रेहाना खातून एवं संस्था का प्रतिवेदन सोनाली पासवान ने प्रस्तुत किया। रंगारंग कार्यक्रम को पूर्णरूप देने में सुशील कुशवाहा, शीमती श्यामादास, श्रीमती निशा पाण्डव, रिया पासवान, प्रीति बग्गा, सागुप्ता, राधा साहू, दीपिका लकड़ा, निकिता लकड़ा, हरिओम राजवाड़े, प्रितेश (डांस शिक्षक) ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में दस टीमों की द्वारा प्रस्तुति दी गई जिसमें निर्णायक की भूमिका श्री आदित्य दुबे, श्री विजय कुमार कुर्रे, एवं श्री शिवम यादव ने बखूबी निभाई। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति में संस्था के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि श्री राजीव कुमार सिंह जी ने क्लासिकल नृत्य में कुमारी अरायना घोष को 1000/- का नगद पुरस्कार एवं देशभक्ति नृत्य टीम को भी 1000/- रु का पुरस्कार देकर सम्मानित किया साथ ही विशिष्ट अतिथि मो. इस्माईल खान ने भी अरायना घोष को 500/- रु. नगद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम के सभी अतिथियों को संस्था के करीबी आनंद प्रसाद एवं श्रीमती पार्वती गोयन द्वारा स्मृति चिन्ह के रूप में श्रीमद भागवद गीता भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम श्री अशोक कुमार उपाध्याय एव श्री शेषनारायण शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्री शिवबचन सिंह, यशवंत पाण्डेय एवं अन्य का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र गुप्ता, इकबाल अंसारी, अधिवक्ता रामकृपाल साहू एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के संस्थापक सदस्य दास एवं सोनाली पासवान ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था के संस्थापक श्री संजय दास ने किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिलराज पिता गंभीर सिंह उम्र 40 वर्ष मोरगाा थाना पोड़ी जिला मनेन्द्रगढ़ का रहने वाला था। वह 3 फरवरी की शाम को बाइक से कहीं जा रहा था। लाई पोड़ी के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# पिकअप की टक्कर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पिकअप की टक्कर से एक ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुखमेत पनिका उम्र 80 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम कुनकुरी का रहने वाला था। शनिवार की शाम को बतौली थाना चौक के पास पिकअप क्रमांक यूपी 46टी 6372 के चालक ने उसे टक्कर मार दिया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां उसकी मौत हो गई।

# अंबिका जी राजनीति चुनें या मुझेःपति अमिताबो घोष

» विधायक पति ने इंग्लैंड से किया पांचवा और अंतिम पोस्ट कहा मुझे मेरी बीवी वापिस मिल जाए

» कौन सीखा है सिर्फ बातो से सबको एक हादसा जरूरी है, मोहब्बत है इसीलिए जाने दे रहा हूं...जिद होती तो कही का नही रहतीःअमिताबो घोष

» कौन सा रहस्य है आखिर विधायक का जिसकी सूची माँ रामदिया के सामने रख आए हैं विधायक पति?







- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।





बैकुंठपुर विधायक और संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव के पति अमिताबो घोष ने इंग्लैंड से पांचवा और अंतिम पोस्ट किया है, इस बार उन्होने साफ तौर पर विधायक से कहा है कि या तो राजनीति चुनें या मुझे। अंतिम पोस्ट में श्री घोष ने ईषारे ही ईषारे में अनेक बातो का उल्लेख किया है, उनकी बाते कई सवालो को जन्म देती है हलांकि उन सवालो का जवाब मिलना मुष्किल है, मामला पारिवारिक है, लेकिन समझदारो के लिए ईषारा ही काफी है। उक्त पोस्ट के बाद श्रीमती सिंहदेव राजनीति छोड़ती है या ही यह देखने वाली बात होगी पिछ्ले दिनो बयान जारी करते हुए उन्होने कहा था कि वो राजनीति के क्षेत्र में ही काम करेंगी।

आखिर अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर विधायक पति ने एक ऐसी लाइन लिखी जो वाकई में सभी को चौंका दिया और सोचने पर मजबूर कर दिया, उन्होंने लिखा कि माँ रामदिया से प्रार्थना रहा के जो जो इस अपराध से जुड़े है सबका संसार एसे ही उजडे पूरे नामों का लिस्ट मैं माँ के चरणों में रख के आया हूँ जब आप पर बितेगा तब आपको समझ में आएगा हम पर क्या गुजरा रहा है इस लाइन के बाद अब आखिर यह कौन से अपराध का जिक्र कर रहे हैं जिसे लेकर लोगों जानने की उत्सुकता बढ़ गई है आखिर कौन सा ऐसा मामला या अपराध है जो कभी सामने आ गया तो उथल पथल की स्थिति हो सकती है कौन सा रहस्य है विधायक का?

### मुझे भी कुछ कहना है

5वां और अंतिम पोस्ट - उक्त पंक्ति के साथ उन्होने आगे लिखा है कि लिखा था मंडे 6 फरवरी आखिरी पोस्ट करूंगा क्षमा करना थक गया हूं साहब,एक दिन पहले ही अंत कर रहा हूं यह पोस्ट का सिलसिला। आप जब ऐसा कुछ देखे नही तो मैं कहां किया हूं। काश सुषांत सिंह राजपूत और अन्य अनेक लोग चुप चाप चले जाने से पहले थोड़ा हिम्मत करके मेरे ही तरह कुछ किए होते, जिंदगी से भाग के जाओगे कहां,अब मतलब पर - मैं क्यूं चाहता हूं अंबिका जी राजनीति छोड़ दे ? छोटी सी उत्तर है- राजनीति नही गंदी राजनीति। उन्होने आगे लिखा है कि इस विषय में विस्तार से मैं कुछ नही लिखूंगा क्युंकि चोरी-छिपे तो कुछ नही हो रहा है, जो भी हो रहा है खुले आम हो रहा है। आपको दिखाई नही दे रहा है? दे रहा है पर आप कहोगे राजनीति तो आइसा ही होता है सही बात है, इसीलिए तो मैं कभी नही चाहा कि मेरी पत्नी राजनीति में आए या रहें। आप आपने पत्नी को छोड़ दोगे इस राजनीति के मैदान में? नही न तो हमसे यह उम्मीद क्यूं रखते हो साहब? श्री घोष ने आगे लिखा कि आप में से बहुत लोग मुझे पहले से जानते है कुछ पीछे दो साल से,एक जन भी तो आगे हो कर हमसे बोले नही के आप उन्हे समझाये इस सियासी मैदान से बाहर आ जाये,उल्टा आप अपने स्वार्थ और मतलब से अंबिका जी का साथ दिये। क्यूं अंबिका जी विधवा है,मै मर गया हूं डिवोर्सी है मैं छोड़ के भाग आया हूं ?

### ईश्वर पर रखता हूं भरोसा

श्री घोष ने बहुत ही गंभीरता से आगे लिखा है कि अंबिका जी के साथ मेरा नाम हर जगह पर जुड़ा है यहा तक कि उनके सरकारी बंग्लो के हर एक बिल्स पर,आपका नही। मैं ईश्वर पर भरोसा रखता हूं, मां रमदईया से प्रार्थना रहा कि जो जो इस अपराध से जुड़े है सबका संसार आइसा ही उजरे पूरा नामो का लिस्ट मैं मां के चरणो में रख के आया हूं जब आप पर बितेगा तब आपको समझ में आएगा हम पर क्या गुजरा।

### मोहब्बत है इसीलिए जाने दे रहा हूं जिद होती तो कही का नही रहती जैसे शब्दो के साथ सबूत इकट्ठा करने का भी जिक्र

पति अमिताबो घोष ने आगे लिखा है कि अंबिका जी के राजनीति का पहले दो साल मैं सब समझ रहा था इंग्लैंड से 2021 से अब तक देखा सुना समझा सबूत इकटठा किया एक एक कर के इंडिया में। घबराईये मत मै न ही किसी का नाम लेने वाला हूं न ही कोई सबूत जनसमक्ष में लाने वाला हूं अगर मजबूर न किए गए तो। मुझे साब किसी से कुछ लेना देना नही बस मेरा बीवी मुझे वापिस मिल जाये। जो हुआ बहुत हुआ। मै उनको पीछे 4 साल से तो समझा ही रहा था वो नही सुने फिर मै उन्हे कहा कि मैं क्या करूंगा वो सोचे कि यह सिर्फ बोल रहे हैं कुछ करेगा नही। नही हूजुर- कौन सीखा है सिर्फ बातो से सबको एक हादसा जरूरी है, कर दिया न मैं हादसा, अब फैसला अंबिका जी को लेना है या तो वो राजनीति चुने या मुझे। श्री घोष ने आगे लिखा कि आप्सन दे दिया डिसीजन वो लें साक्षी आप। वो जो भी फैसला लेंगे मुझे स्वीकार है। एक शब्द भी और नही लिखूंगा इस विषय में,चलते चलते सिर्फ आखिरी दो लाईन-मोहब्बत है इसीलिए जाने दे रहा हूं जिद होती तो कही का नही रहती। इसी के साथ उन्होने अपनी बात समाप्त की है।

### क्या निर्णय लेती हैं विधायक, परिवार या राजनीति?

अमिताबो घोष ने इस विषय पर लगातार पोस्ट किया और हर पोस्ट में कुछ न कुछ खुलासा भी किया है, विधायक अंबिका सिंहदेव के राजनीति में आने व मामले को राजनैतिक रूप देने की कोशिश भी श्री घोष ने ही नाकाम की है, यह उनके कार्यषैली पर भी अब सवालिया निषान है। राजनीति में पैसा कमाने से लेकर मारपीट, अपमान किये जाने का जिक्र भी उन्होने किया है। पति द्वारा विधायक पत्नी का चेहरा सामने लाने के बाद कई तरह की बाते अब हो रही हैं,अंतिम पोस्ट पर श्री घोष ने सीधा लिखा है कि अंबिका जी राजनीति छोड़े या मुझे,अब देखना होगा कि विधायक अंबिका सिंहदेव इस पर क्या निर्णय लेती हैं। फिलहाल पूरे मामले पर उन्होने चुप्पी बनाई हुई है,समर्थक और आम जन भी तरह तरह की बाते कर रहे हैं। तो वहीं सवाल भी उठता है कि इस कार्यषैली की एक महिला जो कि खुद राजपरिवार से आती हैं उन्हे राजनीति करनी चाहिए या नही।

### क्या अब विधायक अपने ही पति के खिलाफ महिला आयोग जाएंगी?

स्थानीय विधायक सभी के पारिवारिक व व्यक्तिगत मामले में घुस कर दखलंदाजी करती थी और अपने आप को सुपर बताने का प्रयास करती थी, क्या अब अपने ही पति के खिलाफ महिला आयोग जाएंगे जहां पर व बैठकर पत्रकार के चरित्र प्रमाण पत्र एक बार बांट रही थी सिर्फ एक अधिकारी के लिए पत्रकार को नीचा दिखाने का प्रयास कर रही थी, उस समय इनकी सोच व मर्यादा कहां गई थी जब एक संविधानिक व न्यायालय प्रक्रिया में हस्तक्षेप करती नजर आई थी वह भी एक अधिकारी के बचाव में। अब अपने पति के मामले में क्या करेगी?

### विधायक पति की बातो में बहुत ही गहराई

सिलसिलेवार पोस्ट के जरिए किये गए खुलासे अब विधायक अंबिका सिंहदेव के लिए भी भविष्य में राजनीति करने की दिषा में परेषानी का सबब बन गया है। वह राजनीति छोड़ती हैं या नही यह तो देखने वाली बात है ही लेकिन हर पोस्ट में लिखी हुई बातो में बहुत ही गहराई दिखलाई देती है। पति ने एक विधायक पत्नी के लिए इतना सब कुछ लिख दिया है कि वह मिटने वाला तो नही है साथ ही साथ कई सवालो को जन्म दे रहा है। मामला भले ही पारिवारिक हो लेकिन विधायक से जुड़ा हुआ है इसलिए इसमें हर वर्ग की दिलचस्पी दिखलाई दे रही है।

### पारिवारिक मामले ने सोशल मीडिया में लिया स्थान,सोचनीय विषय

मामला बिल्कुल ही पारिवारिक था,विधायक पति नही चाहते थे कि उनकी पत्नी गंदी राजनीति के दलदल में फंसे, 4 वर्षो ने उन्होंने काफी प्रयास भी किया, कुछ और बाते हुई जिसका सबूत भी इकट्ठा कर रखा गया है काफी प्रयास के बाद भी जब बात नही बनी तो अंत में थक हारकर इस मुद्दे को सोषल मीडिया में लाया गया जाहिर सी बात है तब तक सब कुछ खत्म सा हो गया होगा। यह अत्यंत सोचनीय विषय है कि आखिर क्या कारण है कि पति के ना चाहते हुए भी दो पुत्रो से दूर होकर विधायक राजनीति में रूचि रख रही हैं। सारे सवालो और आषंकाओ की समाप्ति विधायक द्वारा ही की जा सकती है।

# बालको प्लांट से निकलने वाले मलबे में दबने से एक नाबालिग की मौत

कोरबा,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

बालको थाना अंतर्गत बेलगिरी बस्ती के पास हुए हादसे में एक नाबालिग की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हाईवा से बालको प्लांट का मलबा गिराने के दौरान नाबालिग मलबे के चपेट में आ गया ,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मालूम हो कि बेलगिरी बस्ती के पास बालको प्लांट का मलबा डंप किया जा रहा है जहां से लोहा बीनने के लिए लोगों का हुजूम लगा रहता है। मृतक भी मलबा से लोहा निकालने में लगा हुआ था ,इसी दौरान हाईवा वाहन ने मलबे को डंप किया और नाबालिग उसकी चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच कर रही है। यहाँ यह बताना



लाजमी होगा के बालको प्लांट द्वारा निकलने वाला मलवा बेलगिरी बस्ती के समीप खाली पड़े स्थान पर डाला जा रहा है द्व क्योंकि यह बस्ती के समीप होने से लोग आसानी से पहुंचकर उन मलबों में से लोहा और अन्य मेटल के टुकड़े बीनने वहां पहुंचते है द्व सूत्रानुसार यहाँ महिलायें एवं बच्चे तक इस कार्य में लगे रहते है पर बालको प्रबन्धन द्वारा इन्हे वहां जाने से रोकने के लिए किसी तरह कोई व्यवस्था नहीं की गयी जिससे आसानी एवं निर्भय होकर महिलायें एवं बच्चे तक अपनी जन को जोखिम में डालते रहते है द्व प्रबन्धन की इसी लापरवाही एवं गैरजिम्मेदाराना रवईये के चलते आज एक मासूम की जान चली गयी द्व घटना के पश्चात बालको पुलिस मामले की जांच कर रही है पर इस लापरवाही रवईये के लिए आखिर जिम्मेदार कौन ?

# मदद के बहाने हवस का शिकार बनाने वाला युवक चंद घंटे में पहुंचा हवालात

- संवाददाता -
कोरबा,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कॉलेज छात्रा को मदद करने के बहाने गांव के ही युवक ने अपनी हवस का शिकार बनाया। रिपोर्ट के चंद घंटे के भीतर हरदीबाजार थाना प्रभारी एसआई मयंक मिश्रा के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया गया। जानकारी के अनुसार यह घटना लगभग 7 माह पहले 18 जुलाई 2022 की थी। घटना दिनांक को पीड़िता दोपहर के समय कॉलेज से अपने घर जा रही थी



कि गांव के ही परिचित शेखर राठौर द्वारा पीड़िता को उसके घर तक ले जाने के नाम पर लिफ्ट दिया गया। इसके बाद पीड़िता को नेवसा के जंगल में ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और पीड़िता की अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देते हुए लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। इससे परेशान पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी और आज हरदीबाजार थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। हरदीबाजार थाना प्रभारी एसआई मयंक मिश्रा ने एसपी यू.उदयकिरण व सीएसपी रॉबिन्सन गुड़िया को अवगत कराते हुए आरोपी शेखर राठौर के विरूद्ध धारा 376 (2)(ढ),509(ख) भादवि तथा 4,6,12 पॉक्सो अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। ज्ञात हुआ कि आरोपी अपने गांव में है और लुक-छिप रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर शेखर राठौर को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया उसके बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक विजय सिंह, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश बैस, आरक्षक संजय चन्द्रा, प्रवीण राजवाड़े, कमल कैवर्त, गौकरण श्याम, गौतम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इन्नोवा कार और बाइक के जबरदस्त भिड़त में बाइक चालक को आंई गंभीर चोट



- संवाददाता -
कोरबा,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

थाना सिविल लाइन रामपुर कोरबा के अंतर्गत कोसा बाड़ी से रिस्दी की ओर जाने वाली सड़क पर एक इनोवा एवं एक बाइक में जबरदस्त हुई टक्कर इस टक्कर में बाइक चालक को गंभीर चोटे आयी जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया । आज दोपहर तड़के दयानंद पब्लिक स्कूल वन विभाग कोरबा के पास इनोवा सीजी 12 ए एम 8393 ने बाइक सीजी 12 बीजी 1180 सवार चालक को जबरदस्त टक्करमार दी जिससे बाइक चालक को गंभीर चोटें आई । घटना को अंजाम देने के पश्चात इनोवा मौके से फरार हो गया । इस घटना में बाइक चालक के दाहिने पैर व बांया हाथ फैक्चर होने की संभावना जताई जा रही है एवं शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोटें आई हैं । गंभीर हालत में बाइक चालक को 112 की टीम की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां बाइक चालक का इलाज चल रहा है द्व सिविल लाइन रामपुर पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच छानबीन सुरु कर दिया गया है द्व हालांकि बाइक चालक की अभी पहचान नहीं हो सकी है वही इनोवा केनंबर प्लेट टूटकर गिर जाने से ये आस लगाई जा रही के पुलिस बहुत जल्द दुर्घटना कृत आरोपी तक पहुंच जाएगी द्व मामले में पुलिस बाइक की नंबर प्लेट के आधार पर बाइक चालक और इनोवा की पहचान करने में जुटी हुई है वहीं सहायक उपनिरीक्षक इमरान खान का ने बताया के इनोवा के नंबर प्लेट मिलने से जल्द इन्नोवा वढ्ढहन चालक को हिरासत में ले लिया जाएगा।

# 3 साल में इस छोटे ज़िले की 6 बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने खेला 'खेलो इंडिया',ख़राब मैदान और संसाधनों की कमी ने रोक पाई हुनर को

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

खेलो इंडिया खेलों की शुरूआत से सरगुजा ज़िले की लड़कियों ने ज़िले संभाग और प्रदेश का नाम रौशन किया है. ख़राब खेल मैदान और सुविधाओं के अभाव में अब तक सरगुजा की 6 खिलाड़ियों ने प्रदेश का नेतृत्व देश स्तर के खेलो इंडिया गेम्स में किया है . खासबात ये है कि आदिवासी इलाक़े की ये सभी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल की खिलाड़ी हैं. इससे भी बेहद ख़ास बात है कि इस बार छत्तीसगढ़ की टीम फ़ाइनल पहुँची और खेलो इंडिया बास्केटबॉल चैंपियनशिप में उपविजेता रही. कल सोमवार को उपविजेता टीम की हिस्सा साक्षी भगत और कोच राजेश प्रताप सिंह मेडल लेकर वापस अम्बिकापुर लौट रहे हैं

### तीन साल में 6 ने खेला 'खेलो इंडिया'

खेलो इंडिया खेल की शुरूआत आज से पाँच साल पहले हुई थी. लेकिन दो साल कोरोना काल में इन खेलों का आयोजन नहीं हो पाया. मतलब पिछले पाँच सालो में इन खेलों का आयोजन तीन साल ही हो

» छत्तीसगढ़ के इस ख़राब खेल मैदान में तैयार होकर 3 साल में 6 महिला खिलाड़ी पहुँची 'खेलो इंडिया' तक

सका है. सबसे पहले जब 2018 में पहली बार इन खेलों का आयोजन हुआ. तब आदिवासी इलाक़े की तीन आदिवासी समाज की तीन महिला खिलाड़ी छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम का हिस्सा बनकर खेलो इंडिया गेम्स का हिस्सा बनीं. इनमें सुलोचना तिग्गा, शबनम एक्का , और बबिता तिग्गा जैसी होनहार बास्केटबॉल खिलाड़ी थी. उसके बाद 2019 में इस खेल का आयोजन पुणे में हुआ. उस वक्त सरगुजा की उर्वशी बघेल छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा बनकर खेलो इंडिया में शामिल हुई. पुणे के बाद 2020 में इस खेल का आयोजन गोवाहाटी में हुआ. इस दौरान सरगुजा की निशा कश्यप खेलो इंडिया में छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम में शामिल थी. और इस वर्ष कोविड-19 के बाद 2022-23 में खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन मध्यप्रदेश के इंदौर में हुआ. और इस साल भी सरगुजा की साक्षी



भगत छत्तीसगढ़ की टीम मे शामिल थी. और इस बार छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल टीम उप विजेता रही है.

### कोच राजेश की मेहनत लाई रंग

खेलो इंडिया की शुरूआत से अब तक तीन बार खेलो का आयोजन हुआ. इन तीन सालो में सरगुजा की 6 महिला खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया जैसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में हिस्सा लिया. जिसके पीछे खेल प्रशिक्षक राजेश प्रताप सिंह की प्रत्यक्ष मेहनत है. ग़ौरतलब है कि मुख्यालय अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में दरार पड़े और पुराने पैमाने पर ढले बास्केटबॉल मैदान में राजेश बच्चों को दो दशक से खेल प्रशिक्षण दे रहे हैं. सुविधाओं की बेहद कमी और संसाधनों के अभाव के बाद भी सुबह शाम बच्चों को बास्केटबॉल का हुनर सिखाकर राजेश प्रताप सिंह ने ना केवल राष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा का नाम रोशन किया है. बल्कि बास्केटबॉल की कई अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को तैयार कर भेजा भी है. लेकिन इनकी मेहनत का इनाम उनको आज तक नहीं मिला. कोच राजेश प्रताप सिंह से बात करने पर उन्होंने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनका ग्राउण्ड भी अन्य शहरों की तर्ज़ पर रबड़ सिंथेटिक कोड से निर्माण हो जाए. ग़ौरतलब है कि अम्बिकापुर के इसी बास्केटबॉल ग्राउण्ड से तैयार खिलाड़ी निशा कश्यप और उर्वशी बघेल आज खेल कोटा से रेलवे में नौकरी कर रही हैं.

### सिंथेटिक कोड वाले मैदान में होगा बेहतर अभ्यास..

अम्बिकापुर के बास्केटबॉल खेल के बीते विधानसभा चुनाव के पहले खेलो इंडिया के तहत इंडोर स्टेडियम के लिए 8 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत हुई थी. लेकिन वो राशि किस वजह से वापस हो गई और मैदान क्यों नहीं बना इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई. उसके बाद बास्केटबॉल मैदान के प्रपोज़ल पर भारतीय खेल प्राधिकरण के तहत बास्केटबॉल के इंडोर स्टेडियम के लिए दोबारा प्रोजेक्ट आया . लेकिन वो भी ठंडे बस्ते में चला गया. फ़िलहाल अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में एक इंडोर स्टेडियम बन रहा है. लेकिन ये तय नहीं हो पाया है कि वो किस खेल के लिए तैयार हो रहा है. ऐसे में बास्केटबॉल खिलाड़ियों में बेहद मायूसी है. ग़ौरतलब है कि अम्बिकापुर में बास्केटबॉल और क्रिकेट ही ऐसे खेल हैं जिनमें खिलाड़ी दोनों टाइम खेल अभ्यास करने आते हैं और प्रशिक्षकों की निगरानी में खेल अभ्यास कराया जाता है. ऐसे में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए प्रशासन को ये तय करना होगा कि फ़िलहाल बन रहा इंडोर स्टेडियम बास्केटबॉल खेल के लिए है या नहींज् दुर्भाग्य ये है साक्षी भगत और तमाम राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी कल से फिर ख़राब मैदान और संसाधनों के अभाव में खेल प्रशिक्षण लेने को मजबूर होगें।

# 5 हजार में किस-किस की आर्थिक स्थिति सुधरी ?

- » स्वेक्षानुदान स्वरूप पांच हजार रूपये देकर सक्षम लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने का यह कैसा प्रयास ?
- » मनेद्रगढ विधायक के स्वेक्षानुदान को लेकर उठ रहे सवाल,सक्षम लोगों सहित पत्रकारों को बांटी गई स्वेक्षानुदान राशि
- » स्वेच्छानुदान की सूची जारी होते ही तरह-तरह की बातें भी शुरू,सूची देख लोग अचंभित
- » स्वेक्षानुदान स्वरूप मिली पांच हजार की राशि से किस किस की सुधरी आर्थिक स्थिति
- » पत्रकारों को विज्ञापन का भुगतान भी स्वेक्षानुदान मद से किया गया,क्या ऐसा करना उचित है ?
- » असली जरूरतमंद स्वेक्षानुदान राशि से लगातार वंचित,जबकि शासन जरूरतमंदों के लिए विधायकों को स्वेक्षानुदान मद
- » नगर निगम चिरमिरी में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को ही बांटा गया होता स्वेक्षणुदान तो दूर होती उनकी समस्या
- » गरीबों का हक मार विधायक ने पत्रकारों को दी गई विज्ञापन की राशि बनी जन चर्चा का विषय

- रवि सिंह -
मनेद्रगढ 05 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मनेद्रगढ विधायक के द्वारा बांटी गई स्वेक्षानुदान राशि की सूची जारी हुई है और सूची जारी होते ही सूची में दर्ज नाम देखकर लोग अचंभित हैं क्योंकि जिन्हे भी विधायक ने स्वेक्षानुदान राशि दी है वह अति संपन्न लोग हैं और उन्हे किसी स्वेक्षानुदान राशि की जरूरत बिलकुल भी नहीं है बल्कि वह स्वयं दानदाता बन सकते हैं और समाज में जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं लेकिन उन्हें मनेद्रगढ़ विधायक ने आर्थिक रूप से कमजोर की श्रेणी में रखकर उन्हें पांच हजार की सहायता राशि दी है। वैसे जिन्हे यह राशि स्वेक्षानुदान की मनेद्रगढ़ विधायक ने दी है उनकी जमकर फजीहत सोशल मीडिया में हो रही है और उन्हे लोग यह कहकर संबोधित कर रहे हैं की कम से कम विधायक ने उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में उनकी मदद की है और उन्हे सहयोग स्वरूप पांच हजार की राशि मिल सकी है। विधायक के द्वारा स्वेक्षानुदान जिन्हे प्रदान किया गया है उनमें कुछ पत्रकारों के नाम भी हैं और कुछ उनके खास लोग हैं वहीं कुछ व्यवसाई भी इनमे शामिल हैं। विधायक ने जिन्हे स्वेक्षानुदान दिया है उनमें से अधिकांश लोग ऐसे हैं जिन्हें भुगतान स्वरूप राशि मिली है जो उनके किसी मामले का भुगतान है भले ही वह किसी सामग्री का भुगतान हो या पत्रकारों को उनके विज्ञापन का भुगतान,लेकिन विधायक ने स्वेक्षानुदान से भुगतान कर सभी को कटघरे में खड़ा कर दिया है और उन्हे समाज में बेजार होने मजबूर कर दिया है जबकि वह पारश्रमिक स्वरूप यह राशि विधायक से प्राप्त किए हैं।

ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ के सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और लाचार लोगों की सहायता हेतु बने मदद से वर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 115 अनुग्रहहितों को 12 लाख 95 हजार रूपये की राशी मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय जयसवाल की अनुशंसा पर में आवंटित किया था, चेक प्राप्त करने वाले हितग्राही जिनमें 70 प्रतिशत लोग करोड़पति बताए जाते हैं और 25 प्रतिशत लोग लखपति हैं, सभी विवादों और सुर्खियों में बने रहने वाले क्षेत्र के विधायक विनय जयसवाल ने दीपावली के शुभ पर्व पर अपने घर में सभी पत्रकारों को बुलाकर एक सोनपापड़ी के डब्बे के साथ एक लिफाफा प्रदान किया था सोनपापड़ी को लेकर दीपावली के बाद एक रेंजर का ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें रेंजर उक्त ऑडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा है और कह रहा है कि मुझसे जबरदस्ती सोनपापड़ी मंगवाया जा रहा है वह मामला अभी थमा नहीं था वही बंद लिफाफा आज खुल गया है और अब विधायक जी ने अपनी किरकिरी पत्रकारों को भी शामिल कर लिया है, बताया जाता है कि बकाया विज्ञापन की राशि के नाम पर या चेक विधायक जी के द्वारा पत्रकारों को दिया गया था और चेक प्रदान करते हुए सभी पत्रकारों के फोटो भी लिए गए थे जो सोशल मीडिया में काफी वायरल किया गया था।




### क्या पत्रकारों के विज्ञापन के लिए स्वेच्छानुदान की राशि खर्च की जा सकती है ?

गरीब लाचार और मजबूर को आर्थिक मदद के लिए बनाए गए मद से क्षेत्र के विधायक में पत्रकारों को राशि बांट कर आर्थिक रूप से लाचार गरीबों के साथ धोखा किया है सवाल सबसे बड़ा यह है कि एक जिम्मेदार पद पर बैठे एक जनप्रतिनिधि जब आम गरीब और मजबूर और लाचार लोगों के दिए जाने वाले धन को बड़े शान शौकत दिखाते हुए शाही ढंग से पैसे का बंदरबांट किया तो उनमें थोड़ी सी भी इंसानियत नहीं जगी क्या उनके हाथ नहीं कापे, क्या इन्हीं काले कारनामों को करने के लिए गरीब जनता ने उन्हें चुना था या फिर विधायक जी में समझ की कमी है? जो गरीब जनता के साथ धोखा करके आर्थिक रूप से समृद्ध पत्रकारों को विज्ञापन के नाम पर शासकीय धन का बंदरबांट कर दिया, जबकि विधायक जी के विधानसभा में कई दर्जन ऐसे लोग हैं जो आज इलाज के अभाव से बिस्तर में दम तोड़ रहे हैं कोई दुर्घटना का शिकार है कोई प्राकृतिक बीमारियों का शिकार है वह आपके चौखट पर बार-बार दस्तक देते हैं लेकिन आप और आपके शागिर्द उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर आपके कार्यालय से वापस लौटा देते हैं यह सच है कि यह 5 हजार इन पत्रकारों के लिए कोई कीमत नहीं रखता लेकिन यदि यह पैसा उन दर्जन भर लाचार मजबूर गरीब जो इलाज के अभाव से आज दम तोड़ रहे हैं परेशान हैं उन तक पहुंच जाता तो शायद उनका कुछ भला हो सकता था लेकिन आपने उन्हें नजरअंदाज किया है जो बिल्कुल भी उचित नहीं है 15 अगस्त व 26 जनवरी में लगे विज्ञापन पर जब पत्रकारों ने विधायक को बिल दिया तो इसके बाद विधायक के यहां से पत्रकारों का बुलावा दिवाली त्योहार के समय आया और स्वेक्षानुदान की राशि चेक के माध्यम से काटी गई किसी को 2 हजार किसी को 5 हजार तो किसी को 10 हजार, पत्रकारों ने भी विज्ञापन का पैसा समझ ले लिया, अब सवाल यह उठता है क्या विधायक से अपने प्रचार में लगाए विज्ञापन और फिर स्वेच्छानुदान बताकर पत्रकारों को दिया चेक क्या यह उचित है?

### आर्थिक रूप से पत्रकारों को कमजोर बता स्वेच्छानुदान मद की राशि का किया भुगतान,पत्रकारों की किरकिरी करा विधायक स्वयं घिरे विवाद में

पत्रकार रविकांत सिंह ने जब यह जाना कि क्षेत्रीय विधायक उनके आंख में धूल झुकते हुए आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को दी जाने वाली मदद वाली राशि से उन्हें पांच हजार की राशि आवंटित कर रहे हैं और उनके नाम पर भी चेक बनाया गया है तो उन्होंने तत्काल उसे विधायक विनय जयसवाल को वापस कर दिया और अपना नाम विलोपित करने हेतु विभाग में आवेदन दिया था किंतु आज दिनांक तक उनका नाम लगभग 1 वर्ष हो चुके हैं विभाग द्वारा विलोपित नहीं किया गया है जिसका विरोध उनके द्वारा लगातार किया जा रहा है इसी बीच सोशल मीडिया में हो रही पत्रकारों की किरकिरी के बीच कई लोगो के कथन सामने आ रहे हैं किसी ने उन्हें समाज का सबसे गरीब बताया है तो किसी ने कहा है कि सचमुच इस मद के हकदार केवल यही पत्रकार थे तो किसी ने यह कहा कि यदि उन्हें और पैसे की जरूरत है तो हम लोग कलेक्शन करके इन्हें शॉप देंगे लेकिन शर्त यही है कि सूची में जिन लोगों का नाम है उन्हें ही दिया जाएगा जैसे-जैसे कई कॉमेंट्स देखने और पढ़ने को मिल रहे हैं कुल मिलाकर क्षेत्रीय विधायक ने गरीब लाचार शारीरिक रूप से कमजोर किस्म के लोगों का पैसा देकर एक नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है।

### पूर्व मंत्री पूर्व बैकुंठपुर विधायक ने भी इसी तरह बांटी थी स्वेक्षानुदान राशि,मिली थी चुनाव में हार

स्वेक्षानुदान का इसी तरह भुगतान पूर्व मंत्री एवम पूर्व भाजपा विधायक बैकुंठपुर ने भी किया था और वह सूची ऐन चुनाव के वक्त सार्वजनिक हो गई थी और उसी के कारण उन्हे चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा था। पूर्व मंत्री ने स्वेक्षानुदान राशि अपने खास लोगों को अपने विभिन्न भुगतान मामलों में व्यय किया था और जब मामला उजागर हुआ मामला उनके लिए उलट हो गया और जनता ने स्वेक्षानुदान राशि को इस तरह बांटना अनुचित माना और उन्हे चुनाव में इसका जवाब दिया और उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा।

### मनेद्रगढ विधायक ने भी विभिन्न भुगतान मामलों में बांटी है स्वेक्षानुदान राशि,हो सकता है चुनाव में नुकसान

मनेद्रगढ विधायक ने भी स्वेक्षानुदान का भुगतान अपने निजी कई भुगतान मामलों में किया है यह सूची में दर्ज नामो को देखकर समझा जा सकता है,विधायक ने निजी खर्चों को चाहे वह भुगतान मामला हो विज्ञापन भुगतान मामला हो को स्वेक्षानुदान मद से भुगतान किया है। विधायक ने ऐसा करके गलत किया है और यह कहीं से सही नहीं कहा जा सकता और इसका असर उनके ही चुनाव परिणाम पर पड़ेगा यह तय है। जो स्वेक्षानुदान जरूरतमंद को दिया जाना चाहिए वह राशि विधायक ने निजी छवि चमकाने या निजी भुगतान के लिए किया है यह जनता के हक पर डाका माना जायेगा और इसे जनता शायद ही बर्दास्त करे।

### स्वेक्षानुदान शासन की जरूरतमंदों के लिए विधायकों के लिए निधि

स्वेक्षानुदान शासन की एक ऐसी योजना है जो शासन विधायकों को उपलब्ध कराती है जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके खासकर बीमारी या अति आवश्यक होने पर यह राशि उन्हे विधायक उपलब्ध कराएं,लेकिन मनेद्रगढ विधायक ने शासन की महत्वपूर्ण योजना को अपने चेहरे को चमकाने के लिए उपयोग किया और उसे अपने निजी भुगतान के लिए उपयोग किया जैसा माना जा रहा है। एक तरह से यह भी आर्थिक अनियमितता का मामला माना जायेगा और इसमें उन्हे दोषी माना जायेगा।

### जांच होगी तो सभी सूचीबद्ध लोग निकलेंगे सक्षम

मनेद्रगढ विधायक ने जिन्हे भी आर्थिक रूप से कमजोर बताकर उन्हे स्वेक्षानुदान प्रदान किया है यदि उनके संबंध में जांच की जाए तो सभी सक्षम मिलेंगे और सूची में जो उनके नाम के समक्ष आर्थिक रूप से कमजोर लिखा है वह गलत पाया जाएगा।

वैसे मामले में जांच कर कार्यवाही होनी ही चाहिए।

### पत्रकारों को जानकारी है कि विज्ञापन का मिला चेक

विधायक जी कहीं पत्रकारों को विज्ञापन के आड़ में सरकारी पैसा तो नहीं दे दिए? क्योंकि कुछ पत्रकारों ऐसे भी हैं जिन्हें स्वेक्षानुदान की जानकारी भी नहीं सिर्फ उन्हें तो इतना ही पता था कि विज्ञापन का चेक विधायक जी दे रहे, अब सवाल ये उठता है क्या विधायक जी अपने प्रचार प्रसार के लिए शासकीय पैसे को आर्थिक सहयोग बताकर बांट दिया? और पत्रकार स्वेच्छानुदान को विज्ञापन का पैसा समझकर ग्रहण कर लिए।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्या करना होगा

**बर्लिन,05 फरवरी 2023।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने रविवार को खुलासा किया कि आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए टीम इंडिया को क्या करना होगा। अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए, हरभजन ने कहा कि भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला जीतनी होगी। हरभजन ने कई परिदृश्य भी रखे जिसमें भारत इस साल के अंत में इंग्लैंड में होने वाली इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर सकता है।

हरभजन ने कहा कि भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 3-1, 3-0 या 4-0 से जीतनी होगी। हरभजन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम कंगारुओं के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए पसंदीदा है। उन्होंने आगे बताया कि श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच एक और टेस्ट सीरीज है, जो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की भारत की संभावनाओं को बाधित कर सकती है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर ने, हालांकि,






कहा कि भले ही श्रीलंका प्रतियोगिता जीतने का प्रबंधन करता है, लेकिन भारत के खिलाफ अपनी श्रृंखला जीतने की उच्च संभावना के कारण उनके लिए क्वालीफाई करना मुश्किल होगा। हरभजन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए भारत का समर्थन करते हुए कहा कि टीम के अच्छा प्रदर्शन करने और डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए परिस्थितियां और सतह अच्छी तरह से अनुकूल हैं। सीरीज का पहला मैच नागपुर, उसके बाद दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम फिलहाल बेंगलुरु में रहकर ट्रेनिंग कर रही है। इस बीच भारतीय टीम नागपुर के विदर्भ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (वीएससीए) स्टेडियम में तैयारी कर रही है।

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी- पूरी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए भारत की टेस्ट टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), आर। अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मो. शमी, मो. सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम- पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, पीटर हैंड्सकॉम्ब, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुस्चगने, नाथन लियोन, लांस मॉरिस , टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वेपसन, डेविड वार्नर।

## आईटीबीपी ने राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण में लगातार तीसरा खिताब जीता

**लद्दाख ,05 फ रवरी 2023।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ,सात केंद्रीय सशस्त्र बलों में से एक, ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप जीती है। उन्होंने 5 फरवरी को आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित टूर्नामेंट का 12वां संस्करण जीता। आईटीबीपी ने लगातार तीसरी बार नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप जीती सूत्रों के अनुसार, फाइनल में लद्दाख स्काउट्स को 1-0 के स्कोर से हराकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय आइस हॉकी चैम्पियनशिप जीती। लद्दाख के आइस हॉकी रिंक में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश की कई शीर्ष टीमों ने भाग लिया। यह



स्थान दुनिया के सबसे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में से एक में स्थित है। जब देश में साहसिक खेलों की बात आती है तो आईटीबीपी अग्रणी है क्योंकि देश में पर्वतारोहण और संबद्ध खेलों का एक अद्वितीय रिकॉर्ड है। 1962 में स्थापित, आईटीबीपी कठिन इलाके और जलवायु परिस्थितियों में हिमालय की उच्च ऊंचाई वाली सीमाओं की रक्षा करता है।

## आस्ट्रेलिया जीत सकता है बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : चैपल

**सिडनी ,05 फ रवरी 2023।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आगामी नौ फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए पहला टेस्ट मैच शुरू होने जा रहा है। महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया आगामी चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीत सकता है। महान बल्लेबाज चैपल ने कहा कि भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार टेस्ट मैच की श्रृंखला में अपने मुख्य विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत और गेंदबाजी से सबसे परेशान करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण आस्ट्रेलिया के मुकाबले कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है।

चैपल ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में अपनी राय देते हुए लिखा, ऑस्ट्रेलिया इस श्रृंखला को जीत सकता है। भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारत पिछले कुछ समय से टेस्ट मैचों में इन खिलाड़ियों के बिना कमजोर पड़ता



दिखाई दिया है। भारतीय टीम अकेले विराट कोहली पर बहुत अधिक नहीं टिक सकती।

उन्होंने कहा कि भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ आगे की सीरीज की ट्रेनिंग के लिए 'डुप्लीकेट अश्विन' मिला। जबकि उनका विकेटकीपर-आक्रामक बल्लेबाज पंत कार दुर्घटना के दौरान गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण साल के अधिकांश मैचों में टीम से बाहर हैं। पंत को चोट से उबरने में अभी समय लगेगा। भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह (पीठ की चोट) के कारण पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं हैं।

चैपल ने लिखा घुटने की चोट से उबरने वाले और पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले स्पिन गेंदबाज एवं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को गुरुवार से नागपुर में शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच 09 फरवरी से नागपुर में खेला जाएगा।

## झूलन मुंबई इंडियंस महिला टीम की मेंटोर बनी

**मुंबई ,05 फरवरी 2023।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हाल ही में संन्यास लेने वाली दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को मुंबई इंडियंस ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र के लिए टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) और गेंदबाजी कोच की दोहरी भूमिका सौंपी है।




इंग्लैंड की महिला टीम की पूर्व कप्तान और महिला वनडे और टेस्ट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली चार्लोट एडवर्ड्स को मार्च में होने वाले उद्घाटन सत्र के लिए फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी, जबकि तृप्ति चंदगडकर भट्टाचार्य टीम मैनेजर होंगी। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की श्रृंखला के बाद पिछले साल संन्यास लेने वाली 'पद्म श्री' झूलन के नाम दो दशकों से अधिक के करियर में 350 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। वह महिला वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। झूलन जनवरी 2016 में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची थी। संन्यास के बाद वह वह बंगाल की महिला टीम का मार्गदर्शन कर रही है। एडवर्ड का करियर भी लगभग दो दशक का रहा है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप खिताब जीता है।

## टी 20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी : मिताली

**नई दिल्ली ,05 फरवरी 2023।** पूर्व कप्तान मिताली राज को लगता है कि महिला टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम की फॉर्म पर निर्भर होगी. इस महान बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका में शुरू हो रहे टूर्नामेंट में मुश्किल भरी परिस्थितियों में काफी सुधार दिखाना होगा. मिताली ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) में अपने कॉलम में लिखा, भारत की उम्मीदें काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी. स्मृति मंधाना अच्छा खेल रही है और मैच विजेता है.

उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराने के लिये अन्य बल्लेबाजों के भी रन बनाने की जरूरत है. भारतीय टीम 12 फरवरी को केपटाउन में टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी. टीम दक्षिण अफ्रीका में खेल रही है और हाल में त्रिकोणीय श्रृंखला में उप विजेता रही जिसमें मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी शामिल थे.अनुभवी शिखा पांडे को छोड़कर भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी इकाई इतनी अनुभवी नहीं होगी.मिताली ने कहा कि गेंदबाजी की परीक्षा होगी



और आपको यहीं सुधार की जरूरत है.उन्हें साथ ही उम्मीद है कि अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा और ऋचा घोष उसी अनुभव का इस्तेमाल करेंगी जो उन्होंने इस आयु ग्रुप के टूर्नामेंट में ऐसी ही परिस्थितियों में खेलते हुए हासिल किया था.मिताली की राय में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया का शानदार बल्लेबाजी विभाग उन्हें खिताब जीतने का प्रबल दावेदार बनाता है जो छठी बार ट्राफी जीतने की कोशिश में जुटी है.

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई सहमत होगा कि आस्ट्रेलिया प्रबल दावेदार है और वह दावेदार बनने का हकदार भी है. मुझे कड़े और प्रतिस्पर्धी मैचों की उम्मीद है. उन्हें हराना इतना मुश्किल है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और उनका बल्लेबाजी लाइन अप भी शानदार है.हालांकि मिताली को यह भी लगता है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है. उन्होंने कहा कि हमने हाल में देखा कि जब उन्होंने भारत का दौरा किया था तो यह श्रृंखला काफी प्रतिस्पर्धी रही थी. उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया निश्चित रूप से प्रबल दावेदार है, हमने भारत और इंग्लैंड को टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलते हुए देखा है इसलिये मैं उन्हें हल्के में नहीं लूंगा. वैसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है.

# बॉलीवुड पर हिट साबित हो सकती अक्षय और इमरान की जोड़ी

बॉलीवुड के देसी बॉयज़ में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की जोड़ी से लेकर खिलाड़ी के ओरिजिनल गाने का टाइटल सैफ-अक्षय तक, इस नए ट्रैक में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की दोस्ती बेमिसाल साबित होती हुई दिखाई दे रही है। एक दूसरे की तारीफ करते हुए, उन्होंने 90 के दशक के डांस नंबर को एक नया स्पिन देते हुए गाने को और भी ज्यादा आगे की तरफ लेकर चले गए।

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली मूवी सेल्फी को लेकर निरंतर चर्चा में बने हुए है। हाल ही में इस मूवी का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। वहीं, आज सेल्फी का गाना मैं खिलाड़ी रिलीज हो चुका है। ये गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर आ गया है। मैं खिलाड़ी गाने में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की जोड़ी को बहुत पसंद भी किया जाने लगा है। गाने में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी के



साथ डायना पेंटी और नुसरत भरुचा भी ताल से ताल मिलाते हुए दिखाई दे रहे है। इस गाने को अनु मलिक और उदित नारायण ने गाया है।

अक्षय कुमार, इमरान हाशमी स्टारर निर्देशक राज मेहता की इस मूवी के ट्रेलर पर हाल ही में कमेंट करते हुए कहा है कि, ये शानदार है। ये सेल्फी 200 करोड़ वाली है। कमाल बवाल हाहाकार। जबकि एक इंटरनेट यूजर ने कमेंट कर कहा, खिलाड़ी लौट आया है। एक्शन प्लस कॉमेडी। म्यूजिक, ड्रामा, डांस, पूरी तरह मस्ती। इमरान हाशमी एक बार फिर पुलिस के अवतार में.. और मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी का बैकग्राउंड म्यूजिक। मैं ये देखने के लिए बेताब हूं। लोगों के ये मजेदार ट्वीट्स आप यहां देख पाएंगे।

खबरों का कहना है कि अक्षय कुमार और इमरान हाशमी स्टारर सेल्फी मूवी 24 फरवरी 2023 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने की तैयारी में हैं। तो क्या आप इस मूवी को देखने के लिए एक्साइटेड हैं।

## भारत के खिलाफ पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे जोश हेजलवुड



**नागपुर (महाराष्ट्र) ,05 फरवरी 2023।** ऑस्ट्रेलिया की चोट की चिंता भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से पहले बढ़ रही है, स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के नागपुर में शुरुआती मैच से बाहर होने की संभावना है, क्रिकेट.कॉम.एयू ने बताया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के घरेलू टेस्ट के दौरान एच्लीस की चोट के कारण हेज़लवुड अलुर में गेंदबाजी अभ्यास के आखिरी चार दिनों तक नहीं खेल पाए थे। हेज़लवुड की वापसी ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच के लिए उनके घातक गेंदबाजी आक्रमण के एक और आवश्यक घटक से वंचित कर देगी, अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज मिशेल स्टार्क पहले ही चोट के कारण चार मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर हो गए हैं।

चोट की सूची में 32 वर्षीय पेस पार्टनर स्टार्क (उंगली की शिकायत) और ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन (एक घायल उंगली के कारण दूसरे टेस्ट तक गेंदबाजी करने की संभावना नहीं) शामिल हैं। अपनी व्यक्तिगत चोट के कारण, स्टार ऑलराउंडर ग्रीन पहले टेस्ट में गेंदबाजी करने में असमर्थ होंगे, कप्तान पैट कमिंस के साथ गेंदबाजी करने के लिए केवल तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड और अनकैप्ड तेज लांस मॉरिस उपलब्ध होंगे। हेजलवुड ने स्वीकार किया कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगी चोट से अब भी जूझ रहे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि वह दिल्ली में 17 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले पूरी तरह स्वस्थ होंगे या नहीं।

यह अभी भी (सिडनी) टेस्ट मैच से रुका हुआ है। हमने स्पष्ट रूप से बहुत बारिश के बाद गेंदबाजी की और जम्प-ऑफ काफी नरम थे जहां से हम शुरू कर रहे थे, और उन्होंने उन्हें भी बदल दिया। यह एक तरह से काम किया। आईसीसी ने रविवार को हेजलवुड के हवाले से कहा, लेकिन इतना अतिरिक्त भार गेंदबाजी करने के लिए नरम जमीन से कूदना और फिर पहला टेस्ट मैच (चोट से वापसी) आपका शरीर उस तरह के कार्यभार के लिए भी अभ्यस्त नहीं है। हेजलवुड ने कहा कि वह मंगलवार को अभ्यास के दौरान गेंदबाजी की उम्मीद करते हैं और सोचते हैं कि उस हिटआउट से उबरने की उनकी क्षमता उनकी भविष्य की फिटनेस का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगी। मैं घर में (भारत) दौरे में काफी हद तक गेंदबाजी कर रहा था और बस इसके खिलाफ जोर दे रहा था। यह शायद ठीक नहीं हो रहा था क्योंकि मैं प्रत्येक सत्र के बीच पसंद करता था। इसलिए सोचा कि हम इसे देंगे। हेज़लवुड ने कहा, ÷कुछ दिनों के लिए यहां सीधे बल्ले से उतरें और कोशिश करें और कूबड़ पर चढ़ जाएं और मंगलवार से गेंदबाजी करें और उम्मीद है कि यह अच्छी तरह से चलेगा।÷ हेजलवुड का मानना है कि बोलैंड, जिन्होंने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के साथ प्रशिक्षण लिया था, इस खालीपन को भरने में सक्षम हैं।

स्कॉटी ने एमसीजी में काफी गेंदबाजी की है जब यह सपाट विकेट था, यह शायद स्विंग या रिवर्स स्विंग नहीं था इसलिए वह जानता है कि लंबे समय तक कड़ी मेहनत कैसे करनी है। आपके पास लांस मॉरिस हैं जिन्होंने रिवर्स पर कड़ी मेहनत की है।÷ पिछले महीने के लिए स्विंग और फिर कुछ सत्रों के साथ यहां एक अच्छी बढ़त। लोग उप-महाद्वीप में खेलने के लिए सबसे पहले उत्साहित हैं, वे दोनों अभी तक नहीं खेले हैं, लेकिन वे ऐसा करने के लिए बहुत अच्छी तरह से योग्य हैं, हेज़लवुड ने कहा। हालांकि, कमिंस की टीम, जो वर्तमान में द्रुष्टि की रेड-बॉल स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में सिर्फ एक जीत की जरूरत है ताकि जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अपनी बर्थ बुक की जा सके।

## स्विमिंग पूल किनारे अनुष्का सेन ने दिए किलर पोज

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपनी खूबसूरती से किसी को भी दीवाना बनाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, उनकी स्विमिंग पूल के किनारे मोनोकिनी पहने हुए तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो रही है। इन तस्वीरों को देखकर फैंस ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन व्हाइट कलर की मोनोकिनी पहनकर बेहद ही बोल्ड अंदाज में तस्वीरें क्लिक करवाती नजर आ रही हैं। मोनोकिनी के साथ एक्ट्रेस ने पिंक कलर का



स्कॉर्फ कमर में बांध रखा है, जो उनके लुक को चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन मेकअप के साथ ही अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। अनुष्का सेन ने ये बेहद ही ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपने शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन घूमने की काफी शौकीन हैं, वो आए दिन किसी न किसी टूरिस्ट प्लेस में घूमती नजर आती हैं। अनुष्का सेन अपने फैंस के लिए अपने पर्सनल और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। अनुष्का की शिक्षा की बात करें तो उन्होंने फिल्मोंग्राफी में स्नातक की डिग्री हासिल की हुई है। बाल कलाकार के रूप में अनुष्का सेन ने करियर की शुरुआत साल 2009 में यहां मै घर घर खेली सीरियल से की। साथ ही वो बाल वीर, फियर फाइल, रानी लक्ष्मीबाई सीरियल में नजर आ चुकी हैं। अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं, उनकी तस्वीरें शेयर होते ही पल भर में वायरल हो जाती हैं।

## माइनस वनः न्यू चैप्टर शो का दूसरा सीजन नहीं,ब्लकि नया चैप्टर हैः आयुष मेहरा



एक्टर आयुष मेहरा जल्द ही स्ट्रीमिंग शो माइनस वनः न्यू चैप्टर में नजर आएंगे। उन्होंने साझा किया है कि इस शो का दूसरा सीजन नहीं है, जिसका ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया है। ट्रेलर में वरुण और रिया के रिश्ते को दिखाया गया है, जो आज के समय में प्यार और ब्रेकअप को बारीक तरीके से प्रदर्शित करते है।

माइनस वनः न्यू चैप्टर के बारे में बोलते हुए, आयुष मेहरा ने कहा, इससे पहले कि आप माइनस वनः न्यू चैप्टर देखना शुरू करें, मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह सीजन टू नहीं है। यह एक नया चैप्टर है, हमने एक समय में एक सीजन किया, जिसमें चीजें अलग थीं। इसे खुले दिल से देखें, क्योंकि इसकी कहानी न केवल रिश्तों के बारे में बात करती है, बल्कि जीवन में आने वाली वयस्कता, असुरक्षा, अस्थिरता की भावनाओं को भी बारीकता से समझाती है। सीरीज में उनकी को-स्टार आयशा अहमद, जो उनकी रुचि रिया का किरदार निभा रही हैं, ने साझा किया, मुझे लगता है कि कुछ सीन्स आपको असहज कर देंगे, शो में आपको बहुत कुछ महसूस होगा, कुछ चीजें अच्छी हैं जबकि कुछ बुरे होगे, लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं कि अंत में आप बहुत खुश हो जाएंगे।

उन्होंने आगे कहाः ऐसा कुछ जो योगी (निर्देशक) कहते रहते हैं, यह एक फिल्म है, यह एपिसोडिक नहीं है इसलिए आप इसे बीच में छोड़कर यह तय नहीं कर सकते कि आपको यह पसंद है या नहीं। राइटस स्टूडियोज द्वारा निर्मित और सिद्धांत माथुर और शुभम योगी द्वारा रचित, यह सीरीज 14 फरवरी को लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।













C M Y K

# गोबर धन योजना किसी की नहीं,यह देश की योजना है

**रायपुर,05 फ रवरी 2023(ए)।** केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यालय में आम बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह देश को ग्लोबल लीडर बनाने वाला बजट है। बजट में प्रधानमंत्री आवास के लिए राशि बढ़ाई गई है।

देश में बहुत ज्यादा तादाद में आवास बनेंगे। इससे इस कार्य में लगे मजदूरों को देश भर में काम के अवसर बढ़ेंगे। यह समावेशी विकास का बजट है। बजट एक तकनीकी विषय है। जो लोग इसे नहीं समझते, वे कह रहे हैं कि मनरेगा की मद में कटौती कर दी है।

## केंद्र कितना पैसा दे रहा है मुख्यमंत्री को बताना चाहिए

जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मनरेगा में जो आरंभिक प्रावधान किया गया है, वह समीक्षा के आधार पर तय किया गया है। फिर समीक्षा होगी। जरूरत के अनुसार पूरक राशि का प्रावधान होगा। जो लोग कह रहे हैं कि मनरेगा में कटौती की गई है, उन्हें यह जानना चाहिए कि प्रधानमंत्री आवास मद में जो वृद्धि हुई है, उसका लाभ किसे मिलेगा।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भ्रम फैला रहे हैं। उन्हें मनमोहन सरकार के मनरेगा के बजट एस्टिमेट्स और केंद्र की मोदी सरकार के बजट एस्टिमेट्स के आंकड़े स्टडी करके जनता के सामने रखने चाहिए मोदी सरकार का बजट एस्टिमेट बहुत ज्यादा है एवं डिमांड बढ़ने पर सप्लीमेंट्री बजट में और भी प्रावधान किए जा सकते हैं क्योंकि मनरेगा डिमांड ड्रिवन स्कीम है।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पत्रकारों से कहा कि आपने भी बजट को सुना है, समीक्षा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भावना भारत को वैश्विक नेतृत्व करने वाला देश बनाने की है। यह बजट उसी भावना का बजट है।

केंद्रीय मंत्री श्री मेघवाल ने कहा कि अमृत काल में कल्पना है कि भारत विकसित राष्ट बने। हर क्षेत्र में विकसित हो। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकसित बने। इकोनामी के क्षेत्र में विकसित बने। परोपकार की भावना के क्षेत्र में विकसित बने और भारत संसार का नेतृत्व करे। इस सिलसिले में हमने बजट को देखा है।



## कृषि ऋण की सीमा बढ़ने से किसानों को बड़ा फायदा

केंद्रीय मंत्री श्री मेघवाल ने बजट की बारीकियों पर चर्चा करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र को देखें तो उसमें ऋष्ठ के लिए 20 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी जातियों के लोग हैं। आदिवासी समाज भी बड़ी संख्या में है। 12 जातियों को जो विशेष दर्जा मिलना चाहिए था, नहीं मिला था,न पानी की व्यवस्था, न मकान की, न शिक्षा की व्यवस्था। ऐसे लोगों को आदिवासी वर्ग में शामिल करके इनके लिए भी 15 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

जेलों में ऐसे लोग भी हैं, जिनका आगे पीछे कोई नहीं है। जिनकी मदद करने वाले नहीं है। वकील का खर्च करने वाला कोई नहीं है, ऐसे लोगों के लिए भी बजट में प्रावधान है अगर वो निर्दोष है तो सरकार की मदद से वकील लगाकर बाहर आकर मुख्य धारा में जुड़ सकते है और अन्य नागरिकों की तरह देश के विकास में योगदान दे सकते है।

## 5 जी देश को ग्लोबल लीडर बनाने वाला बजट है

5 जी में भारत लीड कर रहा है। भारत ने जो तकनीकी विकास किया है, वह सबके सामने है। तकनीकी का उपयोग करना चाहिए। बजट में विश्व कर्मा एक नया प्रयोग है। हाथ से काम करने वाले को विश्व कर्मा के दायरे में लाकर साधन उपलब्ध करा रहे हैं। यही तो मील का पत्थर है। समावेशी विकास है। कुछ लोग सिर्फ आलोचना के लिए आलोचना करते हैं। 21 वी सदी का सपना पूरा कर रहे हैं। भारत योग में विश्व गुरु हैं तो इसका गर्व होता है आयुर्वेद में विश्व गुरु हैं। आयुर्विज्ञान में हमने कोरोना काल में वैक्सीन विकसित की और दुनिया में भी मानवता की सेवा की। भारत सभी क्षेत्रों में नेतृत्व करेगा। भारत विकसित राष्ट बने, इसके लिए यह समावेशी विकास का बजट है।

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास संबंधी सवाल पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मनमोहन सिंह ने कमेटी बनाई थी। योजनाओं में केंद्र राज्य के अंश का विषय संसद में आया था। कुछ योजनाएं 50-50 में, कुछ योजनाओं में 60 -40 है। मनमोहन सिंह जी ने कमेटी बनाई थी। जिसमें कई राज्यों के कांग्रेस के मुख्यमंत्री भी थे जो तय किया गया था, उसी के आधार पर केंद्र की योजनाओं में राज्य और केंद्र का अंश तय हुआ है।

फसल बीमा का पैसा सीधे खाते में छत्तीसगढ़ की योजनाओं और राज्य की उपेक्षा संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री जनता के बीच में भ्रम फैला रहे हैं। क्या प्रधानमंत्री आवास योजना उनकी है, फसल बीमा योजना भी उनकी है? हम 20 लाख करोड़ कृषि को देंगे तो यही के किसानों को सोसायटी के जरिए मिलेगा। केंद्र राज्य के बीच में प्रदेश के पिसने के सवाल पर उन्होंने कहा केंद्र भरपूर मदद कर रहा है कई बार राज्य उसे लागू नहीं करता इसीलिए केंद्र लोगों के खाते में सीधा बेनिफिट पहुंचाने की स्कीम भी लाया है किसान सम्मान निधि और फसल बीमा का पैसा सीधे खाते में जाता है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश की 30 से ज्यादा स्टेशनों का चुनाव किया गया है जिसमें प्रति स्टेशन ₹15 करोड़ खर्च कर उसे एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। स्टेशनों में यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ साथ स्टेशनों का आधुनिकरण भी किया जाएगा।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री मेघवाल के संवाददाता सम्मेलन में सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर, पूर्व मंत्री व प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक पुन्नूलाल मोहले, भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम बघेल 15 को महापौर और अध्यक्षों से करेंगे सीधा संवाद



**रायपुर,05 फरवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आगामी 15 फरवरी को राज्य के सभी नगरीय निकायों के निर्वाचित महापौरों और अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इस कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा अभिस्वीकृति की जानकारी दी गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 15 फरवरी को नगरीय निकायों के महापौरों और अध्यक्षों हेतु एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम हेतु समय दिए जाने हेतु आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सबके लिए आवास मिशन, शहरी आजीविका मिशन और संपति कर संग्रहण आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निकायों को मुख्यमंत्री जी द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा। नगरीय निकायों में विकास कार्यों के साथ साथ शहरों के तीव्र एवम सुनियोजित विकास की दिशा में कदम बढ़ाने महापौरों और अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री खुली चर्चा करेंगे और शहरी विकास को गति देने मंथन किया जायेगा।

# आजादी के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय अधिवेशन की मिली मेजबानी

**रायपुर,05 फरवरी 2023 (ए)।** कांग्रेस पार्टी का राष्टीय अध्यक्ष अधिवेशन पहली बार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होने जा रहा हैं। आजादी के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के राष्टीय अधिवेशन की मेजबानी मिली है। इस लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस भी पूरी तैयारियों के साथ जुट गई है। कांग्रेस आलाकमान ने भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन और स्वागत समिति की घोषणा कर दी है।

## प्रदेश के 114 नेताओं का किया शामिल

इस स्वागत समिति में प्रदेश के 114 नेताओं का शामिल किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम इसके अध्यक्ष बनाए गए हैं जबकि सीएम को समिति का सह अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। जबकि आदिवासी मुद्दों को लेकर सरकार से अलग सुर रखने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम को इस समिति का हिस्सा बनाया गया है। अतिथियों के आने-जाने की जिम्मेदारी वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर, रुकने-ठहरने की व्यवस्था मंत्री शिवकुमार डहरिया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामगोपाल संभालेंगे। यह समिति कांग्रेस हाई कमान ने खुद तय की है, ताकि तमाम आयोजनों की निगरानी की जा सके।



## राष्ट्रीय अधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक

इसके अलावा आयोजन समिति का अध्यक्ष पवन कुमार बंसल को बनाया गया है। तारिक अनवर इसके संयोजक होंगे। वहीं कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के सभी 47 नेता इसके सदस्य होंगे। इस समिति में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, एके एंटनी, आनंद शर्मा, केसी वेणुगोपाल, रणदीप सिंह सुरजेवाला भी शामिल हैं। आयोजन समिति में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को भी विशेष आमंत्रित के तौर पर शामिल किया गया है।

दरअसल, कांग्रेस पार्टी का राष्टीय अधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक रायपुर में होगा। इस तीन दिवसीय महाधिवेशन के दौरान देश के मौजूदा राजनीतिक और आर्थिक स्थिति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नये विचारों पर चर्चा की जाएगी। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत छह अन्य राज्यों में विधानसभा का चुनाव भी 2023 में होने वाला है।

## नवा रायपुर का मेला स्थल जुटेंगे 15 हजार नेता

इस आयोजन के लिए नवा रायपुर के मेला स्थल को चुना गया है। यह वही जगह है जहां पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के दौर में राज्योत्सव का आयोजन होता रहा है। इस जगह पर अधिवेशन के लिए टेंट पर पूरा शहर बसाया जा रहा है। वहीं मुख्य मंच की भी साज-सज्जा जारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दो बार तैयारियों का जायजा ले चुके हैं। पूरा प्रदेश संगठन इसकी तैयारियों में लगा है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कुमार शैलजा भी यहा तैयारियों का जायजा ले चुकी हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस आयोजन को पहले ही एतिहासिक मौका बता चुके हैं।

कांग्रेस के राष्टीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को दो समितियों के गठन का आदेश जारी किया। इसमें स्वागत समिति में केवल छत्तीसगढ़ के 114 नेताओं का नाम है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के साथ पूरा मंत्रिमंडल, सभी सांसदों, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं का नाम शामिल किया गया है। इस अधिवेशन मे देशभर के करीब 15 हजार नेताओं के छत्तीसगढ़ पहुंचने की उम्मीद है। इन नेताओं की मेहमान नवाजी के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने खाने, पीने ठहरने, ट्रांसपोर्ट अन्य व्यवस्थाओं के लिए छह हजार कार्यकर्ताओं को तैनात करेगी।

## विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अधिवेशन अहम

आगामी लोकसभा और इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर ये अधिवेशन अहम माना जा रहा है। सबसे पहले तो जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले है, उनमें दो राज्यों में कांग्रेस की सरकार है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। पार्टी इन दोनों राज्यों में वापसी के अलावा बाकी राज्यों में कांग्रेस की स्थिति को बेहतर करने की रणनीति पर बैठक में चर्चा कर सकती है।

उत्तर प्रदेश में जिस तरह कांग्रेस पार्टी में महिलाओं को अधिकांश सीटों पर उतारने जैसा फैसला किया था, इसी तरह कांग्रेस अधिवेशन में नई रणनीति पर फैसला ले सकती है। इसके अलावा 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की रणनीति क्या होगी इस पर भी इस अधिवेशन में चर्चा हो सकती है।



# कर्णेस्वर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**राजिम ,05 फरवरी 2023 (ए)।** कर्णेश्वर मेला में माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका नदी के संगम में पुन्री स्नान कर कार्णेश्वर महादेव सहित विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन लाभ लिया।शनिवार की मध्य रात्रि से ही दूर दूर से आये सैकड़ो ग्रामीण जन , साधु संतों, देवी देवताये ,अपने देव विग्रह सहित महानदी व बालका नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर कर्णेश्वर महादेव ,राम जानकी सहित विभिन्न मंदिरों का दर्शन किया । यह सिलसिला रविवार दिन भर चलता रहा । परम्परा अनुसार मन्दिर में आये देवी देवताओं को कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा मड़ई के लिये सुपारी चावल भेट कर आमन्त्रण दिया । कर्णेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट व प्रशासन पूरी चाक चौबंद व्यवस्था करने में जुटी रही।सोमवार की शाम को संगम स्नान घाट में ट्रस्ट ने प्रथम दीप दान किया व कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से पांच दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। छिपली पारा टिकरी वाली के पुजारी राम प्रसाद नेताम ने खम्बेश्वरी में ध्वजा चढ़ाया। मंदिर परिसर स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना हुआ।सतनामी समाज ने जैतखाम में पालो चढ़ाकर बाबा जी को याद किया,कुम्हार समाज ने विष्णु भगवान,निषाद समाज ने राम सीता निषाद राज व पटेल समाज ने माता शाकम्भरी की पूजा अर्चना किया।जैन समाज द्वारा पुन्री स्नान करने आये श्रद्धालुओं को नास्ता कराया वही रामाराव बघेल द्वारा संगम घाट के पास प्रसादी वितरण किया गया।।रात्रि में छतीसगढ़ी कार्यक्रम लोकसुर बिलासपुर का लोगों ने अच्छा लुत्फ उठाया।सोमवार को देव मड़ई है जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवता आंगा आदि अपने पूरे स्वरूप में अपनी उपस्थिति प्रदान कर परम्परा अनुसार मेले की परिक्रमा करेंगे। लोगों के मनोरंजन के लिये रात्रि में अनुराग शर्मा व कंचन जोशी कृत छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। हर साल की तरह श्रद्धालुओं की संख्या बहुतायत रही ।

# बिलासपुर विधानसभा के 1122 युवा हुए भाजपा में शामिल



**बिलासपुर ,05 फरवरी 2023 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रत्येक लोकसभा में भ्रष्टाचार हटाओ छत्तीसगढ़ बचाओ अभियान के तहत आयोजित जनसभा पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी संबोधित करते हुए कहा कि बिलासपुर में आज जो युवाओ का जोश देख रहा हूँ जो भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे है इनका यही जोश और ज़ज्बा हमें 2023 के विधान सभा चुनाव में जीत दिलाएगा इसके साथ ही डॉ सहाब ने कहा कि बिलासपुर शहर जो 15 से विकास का गढ था आज वो विगत 4 वर्षों से जब से भूपेश बघेल की सरकार आई है तब से यहां विकास के सारे काम बंद हो चुके है और बिलासपुर भय और आंतक फैल चुका है खुलेआम गोली चल रही है जगह जगह अपराध फल फूल रहे है 4 साल से जो वादा किया जो जन घोषणा जारी किया था वो अभी तक पूरा नहीं हो पाया। रमन सिंह जी ने अपने भाषण में पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता अमर अग्रवाल जी द्वारा पूर्व दिवस चलाए गए विकास खोजों अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि अमर अग्रवाल जी दूरबीन लगाकर बिलासपुर के विगत 4 सालों के विकास को खोजने निकले परंतु उन्हें विकास मिला नहीं अपितु आम जनता ने 4 साल से बदहाल बिलासपुर दिखाया जिसे हमारी सरकार आते ही दूर करेगे। इसके साथ ही पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता अमर अग्रवाल जी ने कहा आज भाजपा में शामिल होने वाले 1122 युवाओ से भाजपा को नई ऊर्जा मिलेगे और 2023 में बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में कमाल खिलेगा ।अमर अग्रवाल जी ने पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ जो कभी बीमारू और गरीब प्रदेश था उसे उन्होंने विकसित राज्य श्रेणी में लाया इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ रमन सिंह जी जनता के आशीर्वाद से राज्य में 15 साल भाजपा की सरकार रही और 15 सालों में बिलासपुर में जो विकास हुए उन्हें गिना नहीं जा सकता परंतु सवा चार साल के कांग्रेस द्वारा किए गए विकास को खोजने दूरबीन लगा कर वार्ड वार्ड गया पर विकास तो मिला नहीं परंतु खुले हुए नाले, कचरे से भरे नालियाँ और बदहाल सड़के ही मिले इस कांग्रेस सरकार ने लोगों को आवास भी छीन लिया मुख्यमंत्री जी जब भी बिलासपुर आते है विकास की बात तो दूर केवल और केवल अपने पार्टी के गुटबाजी दूर करके चलें जाते है कभी इस प्रदेश में बिज़ली की कमी नहीं होती थी आज वहा बिज़ली कटौती हो रही है।

# छात्रों ने किताब खोलकर लिखा निबंध,शिक्षक का फूटा गुस्सा

**रायगढ़ ,05 फरवरी 2023 (ए)।** रायगढ़ जिला में सरकारी स्कूल में दो छात्रों की बेत से बेदम पिटाई करने वाले शिक्षक के खिलाफ पुलिस एफआईआर दर्ज किया हैं। बताया जा रहा हैं कि शिक्षक ने छात्रों को निबंध लिखने को कहा था। लेकिन स्कूल के दो छात्रों को किताब खोलकर निबंध लिखते देखकर शिक्षक का गुस्सा फूट पड़ा और उसने दोनों छात्रों की बुरी तरह से पिटाई कर दी। मारपीट की इस घटना के बाद परिजनों के हंगामा के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया हैं।

## शिक्षक एमिल को नकल करने पर आया गुस्सा

स्कूली छात्रों के साथ मारपीट का ये पूरा मामला रायगढ़ के टेंडा नवापारा के हाई स्कूल का हैं। बताया जा रहा हैं कि शुक्रवार को यहां पदस्थ शिक्षक एमिल सोरेन अंग्रेजी की क्लास ले रहे थे। क्लास में शिक्षक एमिल सोरेन ने छात्रों को निबंध लिखने के लिए कहा था। इतना कहने के बाद वे बाहर निकले। थोड़ी देर में जब लौटे, तो दो छात्रों के सामने किताब खुली रखी थी। शिक्षक ने नकल करने की बात कहते हुए दोनों छात्रों के साथ अपशब्द कहते हुए फटकार लगाना शुरू कर दिया। शिक्षक के गुस्सा होने पर छात्रों ने किताब बंद कर रखना भूलने की बात कहते हुए सफाई दिया गया।



## परिजनों के हंगामा के बाद पुलिस ने किया रिपोर्ट दर्ज

शिक्षक एमिल का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होने लकड़ी की बेत से दोनों छात्रों को बुरी तरह पीटा। छात्रों के हाथ, कंधे और पीठ पर रूल के निशान उबर आए। उधर जब स्कूल से दोनों छात्र जब घर लौटे, तो परिजन को इस घटना की जानकारी हुई। दोनों छात्रों को उनके परिजन अस्पताल लेकर गए, यहां मेडिकल जांच कराने के बाद घटना की लिखित शिकायत घरघोड़ा थाने में की गई। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही, तो बड़ी संख्या में ग्रामीण छात्रों के परिजन के साथ थाने के बाहर जमा हो गये और दोषी शिक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। परिजनों की नाराजगी के बाद पुलिस ने दोषी शिक्षक के खिलाफ छात्रों की रिपोर्ट पर धारा 294,323 के तहत अपराध दर्ज कर लिया हैं।

# केटीयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा में धांधली का आरोप,उच्च शिक्षा मंत्री से शिकायत

**रायपुर,05 फरवरी 2023 (ए)।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश में धांधली का आरोप लगाते हुए इस मामले की शिकायत उच्च शिक्षा मंत्री से की गई है. ये शिकायत देवेश तिवारी द्वारा की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित कराने के स्थान पर एक विभाग द्वारा आयोजित कराई गई. जबकि विश्वविद्यालय ही परीक्षा कराने के लिए अधिकृत होता है. विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के दौरान लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा के प्राप्तांक भी घोषित नहीं किए गए, जो की चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए आवश्यक था. उच्च शिक्षा मंत्री को दिए गए शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता ने कहा है कि पीएचडी प्रवेश हेतु जारी चयन सूची में कोई भी प्रतीक्षा सूची नहीं दर्शाई गई और निर्धारित समय बीतने के बाद अपने चहेते को उपकृत करते हुए प्रतीक्षा सूची का छात्र बताते हुए प्रवेश दिया गया. शिकायतकर्ता का आरोप है कि चयन में केवल जनसंचार विभाग ही ऐसा विभाग है, जहां लिखित परीक्षा में 50त्न के अलावा विभागाध्यक्ष ने अपने पास 50त्न अंक रखे हैं. जिससे छात्रों की विवशता हो जाती है, विभागाध्यक्ष के इशारे पर नाचना. इस पूरे मामले को लेकर उन्होंने जांच की मांग की है.




# पांच नक्सलियों को 5 साल की सजा

## ऑपरेशन के दौरान किया था हमला

**जगदलपुर, ,05 फरवरी 2023 (ए)।** चांदामेटा की पहाड़ियों में पुलिस जवानों पर हमला करने वाले 5 नक्सलियो को अदालत ने पांच की सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश व पीठासीन न्यायाधीश सी.आर. देवांगन ने 5 नक्सलियों के खिलाफ यह फैसला सुनाया है। न्यायालय ने इस मामले में चांदामेटा व मुंडागढ़ की पहाड़ियों में पुलिस जवानों पर हत्या करने के उद्देश्य से हमला पाने का दोषी पाते हुए यह फैसला सुनाया है।



दरअसल 5 अगस्त 2017 को चांदामेटा की पहाड़ियों में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर पुलिस जवानों की टुकड़ी ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान 7 अगस्त की दोपहर 1 बजे दरभा थाना के मुंडागढ़ इलाके के पहाड़ियों के बीच जैसे ही पुलिस की टीम पहुंची, 20 से 25 नक्सलियों ने उनपर हमला कर दिया।जवानों ने जवाबी फायरिंग की। एक घंटे तक चली इस मुठभेड़ के बाद नक्सली भागने लगे। लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर पांच नक्सलियों को धर दबोचा। इस मुठभेड़ के दौरान अच्छी बात यह रही कि किसी भी जवान को गंभीर चोटें नहीं आई।

इस मामले में राज्य की ओर से अपर लोकअभियोजक अखिलेश्व दास पैरवी कर रहे थे। इसके बाद से मामला न्यायालय में था। जहां पीठासीन न्यायाधीश ने अलग-अलग मामलों में पांचों को दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और एक हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)